



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 165/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 11 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in





**सांध्यप्रकाश विशेष**

## भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमानः संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र।** भारतीय अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा निवेश का समर्थन मिलेगा। साथ ही, दक्षिण एशिया में आर्थिक वृद्धि इस साल मजबूत रहने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से भारत के ''मजबूत प्रदर्शन'' से प्रेरित रहेगी।

'संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति व संभावना 2025' रिपोर्ट में यह बात कही गई जिसे बुधवार को यहां जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया के लिए निकट अवधि का परिदृश्य मजबूत रहने की उम्मीद है, जिसमें 2025 में 5.7 प्रतिशत और 2026 में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। यह भारत में मजबूत प्रदर्शन के साथ-साथ भूटान, नेपाल तथा श्रीलंका सहित कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार से प्रेरित है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में फिर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि पर लौटने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया, '' दक्षिण एशिया क्षेत्र में सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में 6.6 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है, जिसे मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा निवेश से समर्थन मिलेगा। इसके अलावा, बुनियादी ढांचे के विकास पर पूंजीगत व्यय से आने वाले वर्षों में वृद्धि पर मजबूत गुणक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।''

इसके साथ ही 2024 में अनुकूल मानसून की बारिश से सभी प्रमुख फसलों की ग्रीष्मकालीन बुवाई में सुधार होगा जिससे 2025 में कृषि उत्पादन बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वी एशिया तथा दक्षिण एशिया में निवेश वृद्धि विशेष रूप से मजबूत रही है। यह आंशिक रूप से नई आपूर्ति श्रृंखलाओं में घरेलू तथा विदेशी निवेश से प्रेरित है, खासकर भारत, इंडोनेशिया और वियतनाम में...।

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, भौतिक तथा डिजिटल संपर्क और स्वच्छता व जल आपूर्ति में सुधार सहित सामाजिक बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2025 में मजबूत निवेश वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। भारत में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति 2024 में अनुमानित 4.8 प्रतिशत से घटकर 2025 में 4.3 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है, जो केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित दो से छह प्रतिशत के मध्यम अवधि लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी।

## नीरज भाला फेंक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें नीरज सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान आज कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भोपाल स्थित आवास पर बेटे के विवाह का आमंत्रण पत्र देने पहुंचे।



अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने माता मंदिर के पास अटल पथ स्थित श्री राम मंदिर में दर्शन-पूजन और आरती कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

**रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ**

# योगी ने अयोध्या में की रामलला पूजा

### रामलला का श्रृंगार, पंचामृत अभिषेक , पीतांबर वस्त्र में सोने के तार, मुकुट में हीरा जड़ा





अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आज भव्य उत्सव शुरू हो गया है। धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। समूचा परिसर रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या राम मंदिर में पहुंचकर रामलला का अभिषेक, दर्शन एवं पूजन कर आर्शीवाद प्राप्त किया।

महाकुम्भ के प्रथम स्नान पर्व 13 जनवरी से पूर्व पूरा संगम क्षेत्र वेद की ऋचाओं, मंत्रों और प्रवचन से गुंजित होने लगा है। पहले स्नान पर्व के बाद मेला क्षेत्र में बन रहीं विशाल यज्ञशालाओं में आहुतियां पड़नी शुरू हो जाएंगी। चार हजार हेक्टेयर मेले में बसे मेला क्षेत्र में बनी सैकड़ों यज्ञशालाओं में विश्व और जन कल्याण समेत विभिन्न विषयों पर करोड़ों आहुतियां पड़ेंगी। बड़े हनुमान मंदिर से पहला पीपा पुल पार करते ही शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तश्वरानंद के शिविर में मेले की सबसे बड़ी यज्ञशाला बन रही है। नौ मंजिला यज्ञशाला देखकर हर कोई अचंभित हो जाता है।

सीएम योगी अयोध्या राम मंदिर पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी के मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे हैं। श्री राम मंदिर परिसर के अंगद टीला पर मुख्य कार्यक्रम हुआ।

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है। रामलला की विशेष पूजा शुरू हो गई। पुजारियों ने रामलला का पंचामृत अभिषेक किया। पहले दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया, फिर गंगाजल से नहलाया। इसके बाद रामलला का श्रृंगार किया गया। उन्हें पीतांबर वस्त्र पहनाए गए। इसमें सोने के तारों से बुनाई की गई है। उनके मुकुट में हीरा जड़ा है।

दिल्ली, हिमाचल समेत 10 राज्यों से लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं। राम मंदिर को विदेशी फूलों से सजाया गया है। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। यहां पर 5 हजार श्रद्धालु रामकथा सुनेंगे। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी रामलला की महाआरती करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को इस मौके पर बधाई दी। उन्होंने कहा- राम मंदिर विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में मदद करेगा। मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, आज 2 लाख भक्त रामलला का दर्शन करेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन 3 दिनों में वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। आम दर्शन सुबह 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक जारी रहेंगे।

## रामलला का अभिषेक...भोग और महाआरती संपन्न, रामनगरी पहुंचे सीएम योगी

रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ उत्सव का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री कुछ देर में अयोध्या पहुंच जाएंगे। पांच घंटे अयोध्या में रहेंगे। वे रामलला का अभिषेक कर महाआरती उतारेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे अंगद टीला पर पहली बार श्रद्धालुओं व मेहमानों को संबोधित करेंगे।

## रामलला का अभिषेक हुआ अभिषेक

रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ उत्सव का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री कुछ देर में अयोध्या पहुंच जाएंगे। पांच घंटे अयोध्या में रहेंगे। वे रामलला का अभिषेक कर महाआरती उतारेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे अंगद टीला पर पहली बार श्रद्धालुओं व मेहमानों को संबोधित करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का अभिषेक संपन्न हो गया है। अब भगवान को भोग लगाया गया। इसके बाद महाआरती हुई। रामलला के दर्शन को हिमाचल से पहुंचे श्रद्धालु प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला के दर्शन को हिमाचल प्रदेश के भी श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर आगे बढ़े।

## रामपथ होते हुए राम मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामपथ होते हुए राम मंदिर पहुंचे। सीएम राममंदिर परिसर के अंगद टीला में प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम जन्मभूमि परिसर में संत महंतों के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। सीएम भोजन प्रसाद ग्रहण करने के बाद अंगद टीला पहुंचे।

## महाकुंभ के लिए एनएचएआई ने टोल टैक्स फ्री किया

**प्रयागराज।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को एक बड़ी राहत देते हुए प्रयागराज-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंधियारी टोल प्लाजा को 28 फरवरी तक टोल टैक्स से मुक्त कर दिया है। शुक्रवार आधी रात से वाहन बिना किसी रुकावट के टोल बूथ से गुजर रहे हैं। वहीं, सीएम योगी ने यूपी रोडवेज निगम के अफसरों की बैठक ली और सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए। महाकुंभ मेले से पहले सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए गए हैं। शहर में 278 प्वाइंटों पर 2000 जवान तैनात किए गए हैं। इन जवानों को शहर के सभी इंट्री प्वाइंटों समेत कुल 12 स्थानों पर मोर्चों पर मुस्तैद किया गया है। इन्हें लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से लैस किया गया है। जूना अखाड़े में दोपहर 3 बजे एनएसजी कमांडो बड़ी मॉक ड्रिल करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कृषि उपज मंडी सेंधवा, जिला बड़वानी में 1088 करोड़ से अधिक की निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

## पंजाब में आप विधायक की गोली लगने से मौत



**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना के विधानसभा क्षेत्र वेस्ट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत हो गई है। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की है। पुलिस जांच में सामने आया कि गोगी घर में अपना लाइसेंसी पिस्टल साफ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई। गोली सिर से आर-पार हुई। डीसीपी जसकिरण सिंह तेजा ने बताया कि पिस्टल 25 बोर का था। नौकर ने बताया कि वेपन से एक ही फायर हुआ। विधायक की मौत किन हालातों में हुई है यह कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि अभी डिप्रेशन जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।

### कोरोना वायरस जैसे एचएमपीवी के देश में 15 केस

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 15 मामले हो गए हैं। शनिवार को असम में पहला केस सामने आया। यहां 10 महीने का बच्चा पॉजिटिव है। बच्चे का डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर है। डॉ. ध्रुबज्योति भुइयां ने बताया कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी-जुकाम के लक्षणों के चलते सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है।

## महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली 27 को, प्रदेश भर में निकलेंगी प्रभात फेरियां



भोपाल। मध्यप्रदेश में बाबा साहब अंबेडकर की जन्मस्थली महू में 26 जनवरी को होने वाली कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली अब 27 जनवरी को होगी। तीन दिन पहले कांग्रेस की मीटिंग में पार्टी नेताओं ने तारीख बदलने की मांग की थी। जिसके बाद एमपी कांग्रेस की ओर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को रैली 27 जनवरी करने का प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अपनी सहमति दे दी है।

आज दोपहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए पार्टी द्वारा गांव, मंडल और ब्लाक स्तर पर बैठकों के माध्यम से तैयारी की जा रही है। रैली से पहले मध्यप्रदेश के गांव-गांव में और वार्डों में सुबह-शाम प्रभात फेरियां निकालेगी। नेताद्वय ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान का स्वरूप बदलने की तैयारी कर रही है, लेकिन जनता ने पिछले लोकसभा चुनावों में उसकी इस मंशा को नकार दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में संविधान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मध्यप्रदेश को लेकर उनका कहना था कि सिर फुटौव्वल तो भाजपा में चल रही है,

## यूपी-बिहार-राजस्थान के 18 शहरों में तापमान 6 डिग्री से कम



देश के 16 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिल रहा है। दिल्ली के कुछ इलाकों में विजिबिलिटी 0 रिकॉर्ड की गई। इससे कई फ्लाइट्स और 26 ट्रेनें लेट हुईं। यूपी-बिहार के भी कई जिलों में विजिबिलिटी 100 तक घटने के कारण करीब 100 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं चल सकीं।

कोहरे के अलावा देश में न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। यूपी, बिहार और राजस्थान के 18 शहरों में तापमान 6 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के माउंट आबू में पारा 2 डिग्री, मध्य प्रदेश के शहडोल में 2.8ख्र, उत्तर प्रदेश में अयोध्या का तापमान 4 डिग्री और बिहार के रोहतास में 5 डिग्री टेम्परेचर पहुंचा।

जम्मू-कश्मीर में आज भारी बर्फबारी हो सकती है। कश्मीर घाटी में पहलगाम -10 डिग्री सेल्सियश के तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। हिमाचल के ताबो में तापमान माइनस 11 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश, यूपी, राजस्थान और हरियाणा में आज ओले भी गिर सकते हैं। इससे इन राज्यों में तापमान में और गिरावट हो सकती है।

# कलेक्टर से बोले सांसद-किसी के दबाव में न आए, लालघाटी से नेवरी मंदिर तक सड़क जल्द बने

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शुक्रवार को सांसद, विधायक और अफसरों के बीच मीटिंग हुई। इसमें सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से लालघाटी से नेवरी मंदिर की 24 मीटर सड़क को लेकर कहा कि किसी के दबाव में आकर रोड की चौड़ाई कम करना ठीक नहीं। विकास और जनहित के कामों में भविष्य की प्लानिंग के साथ काम होना चाहिए। सांसद शर्मा को बताया, यह रोड 24 मीटर की बनना प्रस्तावित है, जबकि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इसे 17 मीटर की बनाने जा रहे हैं। इस बात को लेकर सांसद शर्मा से इन्फेंट्री के ब्रिगेडियर ने भी चर्चा की थी। उनका कहना था कि सड़क से सेना के बड़े-बड़े ट्रक, स्कूल की गाड़ियां और सेना के मैनपॉवर का मूवमेंट होता है। कई बार इस रोड पर जाम लगने की स्थिति बन जाती है।

सुरक्षा की दृष्टि से भी इस रोड को चौड़ा होना चाहिए। जिससे आवागमन की सुविधा सुलभ हो सके। बैठक में प्रस्तावित रोड के आसपास की कॉलोनियों और गुफा मंदिर से जुड़े लोग भी पहुंचे। इन सबका भी यहीं कहना था कि रोड की चौड़ाई कम नहीं की जाना चाहिए। गुफा मंदिर में सावन के महीने में मेला लगता है। अन्नकूट जैसे बड़े कार्यक्रम भी होते हैं। इस दौरान भी इस रोड पर जाम की स्थिति बन जाती है।

### कलेक्टर ने एडीएम से कहा- मौके पर जाएं

कलेक्टर सिंह ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सांसद शर्मा को आश्वस्त किया कि रोड जितनी प्रस्तावित है, वह पूरी बनेगी। कलेक्टर ने एडीएम सिद्धार्थ जैन को उपरोक्त सड़क का मौका मुआयना करने और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोड जितनी प्रस्तावित है, वह पूरी बनना चाहिए। किसी भी के दबाव में आकर इसे काम नहीं बनना चाहिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सड़क की गुणवत्ता की जांच कराएं।

### महापौर भी रही मौजूद

बैठक में महापौर मालती राय, पार्षद प्रियंका मिश्रा, मनोज राठौर सहित पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे।




# भगवान झूलेलाल की 40 दिनी प्रभात फेरी का शीतल दास की बगिया में समापन



### प्रभात फेरी में जाने से मन को शांति मिलती है: भगवानदास सबनानी

**भोपाल।** भगवान झूलेलाल जी के 26 वें वंशज परम पूज्य ठाकुर साईं मनीषलाल साहिब जी के आह्वान पर 40 दिनी प्रभात फेरी संत हिरदाराम नगर में निकली गई। प्रभात फेरी का समापन समारोह शीतल दास की बगिया में संपन्न हुआ। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत आसवानी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत नगर में निकाली गई 40 दिनी प्रभात फेरी में सिंधी समाज के लोग बड़े उत्साह और जोश के साथ शामिल रहे, सुबह-सुबह ही नगर में भक्ति की गंगा बहा दी गई। प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत हुआ और लोग प्रभात फेरी से जुड़ते चले गए, भगवान झूलेलाल जी के नाम के साथ ही कीर्तन करते हुए लोग 40 दिनों तक भक्ति की गंगा में डूबे रहे। प्रभात फेरी के समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, और तालाब किनारे बैठकर सभी सामाजिक बंधुओ के साथ भगवान झूलेलाल का नाम लेते हुए भजन कीर्तन किया, इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि प्रभात फेरी में जाने से मन को शांति मिलती है और साथ ही ईश्वर के प्रति विश्वास और बढ़ता है, हमारे संत पुरुषों ने जो समाज सेवा की भावना हमारे अंदर जागाई हैं उसको भी बल मिलता है, ईश्वर प्राप्ति का माध्यम मानव सेवा है यह बात भी हमें हमारे महापुरुष संत हिरदाराम साहिब जी ने ही बताई है, प्रभात फेरी के माध्यम से ही सामाजिक एकता को बल मिलता है। मैं इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधुओ को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिंधी समाज लोग उपस्थित रहे।

# ऑर्मी मैराथन 19 को, निजी और शासकीय विश्वविद्यालय भी होंगे शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने 19 जनवरी को होने वाली ऑर्मी मैराथन के संबंध में शुक्रवार को निजी और शासकीय विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने सभी विश्वविद्यालय के युवा एवं फैकल्टी को फिट रहने के लिये मैराथन में भागीदारी करने की अपील की। सभी ने फिट रहने के लिये इसमें भागीदारी करने की सहमति प्रदान की। मंत्री श्री सारंग ने भोपालवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मैराथन में सहभागिता करने का आह्वान किया।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वच्छ भारत, हरित भारत, फिट इंडिया के लिये भारतीय सेना के साथ दौड़े। यह सहन शक्ति, दृढ़ संकल्प और विजय की परिचायक बने। उन्होंने बताया कि मैराथन अपने आदर्श वाक्य फिट इंडिया, रन विद इंडियन ऑमी के माध्यम से भारत सरकार के फिट इंडिया एकता और देशभक्ति के अभियान को बढ़ावा देगा। मैराथन में 3 श्रेणी रखी गई है इसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी के लिये न्यूनतम शुल्?क पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। सहभागियों को टी-शर्ट और ऑर्मी मैराथन में भाग लेने का प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। यही नहीं संस्था, विश्वविद्यालयों को भी इसका प्रमाण-पत्र मोमेन्टो के साथ प्रदाय किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मैराथन भोपाल स्थित द्रौणांचल से वीआईपी रोड होते हुए द्रौणांचल पर समाप्त होगी। मंत्री श्री सारंग ने सभी विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से संबंधित संस्था एवं संस्थानों के सोशल मीडिया एकाउन्ट से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा है।



मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हम घर और देश में सुरक्षित हैं, इसमें ऑर्मी का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिये सार्वजनिक रूप से सेना और सैनिकों के प्रति सम्मान करने की भावना को व्यक्त करने को कहा है। भोपाल में भी ऑर्मी का महत्वपूर्ण सेट-अप स्थापित है। ऑर्मी मैराथन के माध्यम से नागरिक सहयोग और सम्मान प्रकट कर सकते है। उन्होंने कहा ?कि मैराथन में अधिक से अधिक भागीदारी कर इतिहास बनाया जा सकता है। ऑर्मी मेजर जनरल सुमित कबथियाल ने कहा कि मंत्री सारंग के माध्यम से राज्य सरकार का सहयोग मिल रहा है।

यह मैराथन कल्चर ऑफ फिटनेस को बढ़ावा देगी और फिट रहने एवं हेल्थ के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि द्रौणांचल में युद्धस्थल के माध्यम से युद्ध के इतिहास और शहीदों के बारे में जानकारी भी अर्जित होगी। उन्होंने बताया कि मैराथन में एनसीसी के ही लगभग 600 रजिस्ट्रेशन हो चुके है। मैराथन सभी के लिये है, इसमें परिवार, दोस्त सभी भागीदारी कर सकते हैं। 10 लाख रुपये तक का पुरस्कार: ऑर्मी मैराथन सुबह 6 बजे से शुरू होगी। इसमें सभी क्षेत्रों से लगभग 12 हजार प्रतिभागी तीनों श्रेणियों की दौड़ में हिस्सा लेंगे। आकर्षक प्रायोजित पुरस्कारों के अलावा 10 लाख रूपये तक के नकद पुरस्कार भी दिये जायेंगे।

हॉफ मैराथन में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं के लिये 5,30,000 रूपये के नकद पुरस्कार, 10 किमी में विभिन्न श्रेणी के विजेताओं को 2,64,000 रूपये और 5 किमी में 1,87,000 रूपये के नकद पुरस्कार दिये जायेंगे। मैराथन में भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये 62690-33347 पर संपर्क कर सकते है। भारतीय सेना के सुदर्शन चक्र कोर द्वारा ऑर्मी मैराथन भोपाल 2025 के आयोजन सेना दिवस 15 जनवरी के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। जनरल केएम करियप्पा के वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में पदभार ग्रहण करने पर इस ऐतिहासिक दिन को वार्षिक श्रद्धांजलि के रूप में मनाते हुए इस मैराथन का आयोजन किया गया है। इसका शुभारंभ भोपाल से होगा, जिसमें सशस्त्र बलों, स्थानीय समुदायों और खेल प्रमियों के सदस्य एक साथ आयेंगे। भोपाल में ऑर्मी मैराथन, मुख्यालय पश्चिम एमपी सब एरिया के तत्वाधान में भोपाल में आयोजित होने वाला पहला खेल आयोजन है।

# युवा दिवस पर समस्त विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष की तरह युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। युवा दिवस पर समस्त शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ ही स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों में प्रदेश की समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 12 जनवरी को प्रातः 9 से 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश भी प्रसारित होगा, इसके साथ ही सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संपन्न होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। युवा दिवस पर पूर्वान्ह 11.30 बजे से स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चित्र प्रदर्शनी एवं उनके शिकागो व्याख्यान के वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। समस्त शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि सहित विद्यार्थियों एवं जनसामान्य की भी सहभागिता होगी।

# अब तक 6 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

**भोपाल।** राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ई-केवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 6 लाख 4 हजार 399 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है।

कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 71 हजार 140, बैतूल ग्रामीण में 84 हजार 948, राजगढ़ ग्रामीण में 40 हजार 783, शहर वृत्त भोपाल में 49 हजार 170, भोपाल ग्रामीण में 37 हजार 259, गुना ग्रामीण में 31 हजार 838, विदिशा ग्रामीण में 43 हजार 124, सीहोर ग्रामीण में 23 हजार 204, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 927, शहर वृत्त ग्वालियर में 38 हजार 240, अशोकनगर ग्रामीण में 18 हजार 558, दतिया ग्रामीण में 22 हजार 133, रायसेन ग्रामीण में 43 हजार 190, शिवपुरी ग्रामीण में 22 हजार 884, हरदा ग्रामीण में 18 हजार 601, श्योपुर ग्रामीण में 8 हजार 966, मुरैना ग्रामीण में 20 हजार 203 और भिण्ड ग्रामीण में 9 हजार 241 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी व्यक्तिगत विवरण को कंपनी के रिकार्ड में अपडेट करने के लिए नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया के तहत बिजली उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी जैसे समग्र आईडी, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता इत्यादि की जानकारी को अपडेट किया जा रहा है। नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को जहां राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा वहीं दूसरी ओर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। साथ ही केवायसी से वास्तविक उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन एवं उनके भार की स्थिति का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जा सकेगा।




शिवा थापा, सचिन सिवाच ने 8वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपना जलवा बिखेरा। भारत के शीर्ष मुक्केबाज 7 से 13 जनवरी तक बरेली में एक सप्ताह तक चलने वाले मुक़ाबले में वर्चस्व के लिए संघर्ष करेंगे।

### नागरिकों की शिकायत पर जारी किये नोटिस

**भोपाल।** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से न लेने व शिकायतों को अपने विभाग से संबंधित न होना बताने व शिकायतों के निराकरण हेतु तत्परतापूर्वक कार्यवाही न करने वाले जोन क्र. 10 एवं 12 के प्रभारी सहायक यंत्री (जलकार्य) एवं प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्र. 10 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 02 दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है साथ ही चेतावनी दी कि समयावधि में उत्तर न प्रस्तुत करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# जनकल्याण शिविरों से जानता को मौके पर मिल रहा लाभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल जिले में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक जिले में 239 शिविर आयोजित किए जा चुके है। जिनमें एक लाख 76 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं और एक लाख 57 हजार से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही निराकरण किया गया। जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 34 हितग्राहीमूलक योजनाएं, 11 लक्ष्य आधारित योजनाएं एवं 63 सेवाओं को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। शुक्रवार को वार्ड 41 हथैखेड़ा वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। शहरी क्षेत्र में आगामी 11 को जनवरी मौलाना अब्दुल कलाम वार्ड 67, 13 जनवरी को वार्ड 63 गौतम बुध वार्ड, शाहपुरा, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड 46, 15 जनवरी को वार्ड 64 सोनागिरी, 16 जनवरी को वार्ड 66, नरेला शंकरी, वार्ड ऑफिस -2 एयरपोर्ट रोड, जहांगीराबाद, 17 जनवरी को वार्ड 67 इंद्रपुरी, वार्ड 49, आशा निकेतन, 20 जनवरी को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, वार्ड 65, अयोध्या नगर, वार्ड 68, 21 जनवरी गुलमोहर, वार्ड 50, 22 जनवरी को राजीव गांधी वार्ड 72, 23 जनवरी को भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, वार्ड 73 मिसरोद, वार्ड 52, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड 42 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सेच्युरेशन चिन्हित हितग्राही योजनाओं में तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं में हितलाभ प्रदान करना है। इसके लिए जिले में वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के लिए घर-घर सर्वे कर चिन्हांकन एवं चिन्हित सेवाओं का शिविर के माध्यम से लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करना है।



### ग्राम पनिया में समस्याओं का किया समाधान

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर आज ग्राम पनिया (जम्मू सर कला ग्राम पंचायत) में ब्लॉक स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। गत मंगलवार को ग्राम पनिया के ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर भोपाल से भेंट करने पहुंचे थे। कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा को तत्काल शिविर लगाकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे।

इस शिविर में एसडीएम बैरसिया श्री आशुतोष शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैरसिया श्री दिलीप कुमार जैन, तहसीलदार बैरसिया श्रीमती करुणा दंडोतिया सहित सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पेयजल संकट का मुद्दा उठाया। इस पर कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई विभाग की एसडीओ सुश्री अपराजिता पांडे ने तुरंत बोरिंग मशीन गांव में भेजी। पहला प्रयास असफल होने पर दूसरे बोर का कार्य तुरंत शुरू किया गया। ग्रामीणों ने श्मशान घाट में टीन शेड न होने की शिकायत की। जनपद पंचायत बैरसिया के सीईओ ने टीन शेड निर्माण की स्वीकृति तत्काल दी। जननी सुरक्षा वाहन की गांव में अनुपलब्धता की समस्या पर खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इमरजेंसी में तुरंत वाहन भेजा जाए। गांव के मुख्य मार्ग और आंतरिक सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग और वन विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया

# पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से बदलेगी जनजातियों की आर्थिक स्थिति: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने की जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को स्थित समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के सभी जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए चल रही सभी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों और इनकी अब तक की प्रगति पर विस्तार से समीक्षा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाये। सभी निर्माणाधीन विकास कार्य तेजी से पूर्ण कराये जायें। योजनाओं का क्रियान्वयन नियोजित एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन और अधोसंरचना विकास कार्यों में तेजी लाकर जनजातीय समुदायों को समर्थ बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी समग्र एवं उन्नत शिक्षा दी जाए, जिनसे जनजातीय विद्यार्थियों का जीवन आलोकित हो और वे समर्थ बनें। इसके लिए देश के अन्य राज्यों में जनजातीय वर्ग के लिए शिक्षा व्यवस्था का भी अध्ययन कर लें। उनकी अच्छाईयों को आत्मसात करें और एक बेहतर व रोजगापरक शिक्षा की ओर आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातियों की आर्थिक स्थिति में आमूल-चूल सुधार लाने के लिए जनजातीय क्षेत्रों में गौ-शालाओं के निर्माण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय बंधुओं को अच्छी नस्ल के दुधारू पशुओं के पालन-पोषण की ओर प्रवृत्त किया जाए। दूध उत्पादन एवं डेयरी उत्पादों से ही जनजातियों की आर्थिक स्थिति बदलेगी, उनका जीवन स्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा एक्ट के जरिए जनजातियों को समर्थ किया गया है। इससे उनको अपने विकास की ओर बढ़ने में मदद मिली हैं। जनजातीय गांवों में सुधार दिखाई देता है, यह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने जनजातियों के वाद्य यंत्रों का संरक्षण करने और उनकी पुरातन धरोहर को संभाल कर रखने के लिए शासन स्तर से विशेष प्रोत्साहन दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। होम स्टे के जरिए जनजातीय लोगों को आय का अतिरिक्त साधन मुहैया होता है। इसलिए इस दिशा में समग्र प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में उनकी सामाजिक संरचना को नेतृत्व देने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए और इनके साथ मिलकर जनजागरण का काम किया जाए। जनजातीय वर्ग के युवाओं को नशाखोरी से बचाने सहित उनके सामाजिक व पारिवारिक संरक्षण की दिशा में गायत्री परिवार जैसे सामाजिक संगठन को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बने सभी छात्रावास व आश्रम शालाओं में निवासरत बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। छात्रावासों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। सभी विभागीय पदों (बैकलॉग सहित) पर शीघ्र भर्ती कर ली जाए। उन्होंने जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों के संचालन के लिए छात्रावास अधीक्षकों का नया कैडर बन जाने पर प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि इन पदों पर एक तय संख्या में नियमित रूप से भर्ती की जाए। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदायों के विकास के लिए नवोन्मेषी और समावेशी प्रयास किए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में कई नवाचारी प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. शाह ने कहा कि विभाग द्वारा छात्रावास अधीक्षकों के करीब 4 हजार 800 पदों पर सिलसिलेवार भर्ती की जाएगी। उन्होंने राज्य शासन स्तर से जनजातीय क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों/आश्रम शालाओं के संचालन के निरीक्षण के लिए सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण उपरांत मिली कमियों की ओर मुख्यमंत्री की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के बेहतर संचालन के लिए छात्रावास अधीक्षकों का छात्रावास परिसर में ही निवास जरूरी है और हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों के लिए संचालित सभी विभागीय शालाओं छात्रावासों, आश्रम शालाओं एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को दी जाने वाली पुस्तकें, गणवेश, सायकिल, बेडिंग या अन्य जरूरतों की वस्तुएं अप्रैल से जून-जुलाई के मध्य वितरित कर दी जाए। सुनिश्चित करें कि शासकीय स्तर पर वितरित की जाने वाली ये सभी सामग्री विद्यार्थियों को समय पर ही मिल जाएं। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा ने बताया कि जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एवं नागरिक सुविधाएं पहुंचाने के लिए तकनीकी माध्यमों का भी उपयोग किया जा रहा है। पीएम जनमन में मध्यप्रदेश में किये गये कार्य की सराहना केन्द्र सरकार ने भी की है। पीएम जनमन की सफलता के मद्देनजर ही केन्द्र सरकार ने ॥धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान में 17 विभागों की 25 प्रकार की विभिन्न योजनाओं/सेवाओं/सुविधाओं का लाभ प्रदेश के जनजातीय बहुल गाँवों में जनजातीय बंधुओं को मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय को विभिन्न श्रेणी के विकास कार्य प्रस्ताव भेजे गए हैं। उन्होंने विभागीय योजनाओं और उनकी प्रभावशीलता पर पीपीटी के जरिए विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनजातीय कार्य श्री श्रीमन शुक्ल, उप सचिव जनजातीय कार्य श्रीमती वंदना वैद्य, अपर आयुक्त श्रीमती रीता सिंह, अपर आयुक्त श्रीमती सीमा सोनी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कल लाड़ली बहनों के खातों में होगी जनवरी माह की राशि अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा आरंभ की गई है। युवा अपने सपनों को साकार करें, जीवन में आगे बढ़ें, प्रदेश और समाज को आगे बढ़ाएं, इस उद्देश्य से राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर है। युवाओं के जीवन में एक नया सूर्य ऊगे, वे अपने जीवन को आलौकिक करें, अपनी ऊर्जा का समाज हित में उपयोग करें, युवा दिवस के संदर्भ में युवाओं से यही अपील है। इसी क्रम में राज्य सरकार 12 जनवरी से प्रदेश में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का क्रियान्वयन भी आरंभ कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश की लाड़ली बहनों को जनवरी माह की अनुदान राशि का अंतरण कालापीपल जिला शाजापुर से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बैकलॉग के पदों को भरने जा रही है। पीएससी के अंतर्गत गत तीन वर्ष के जो पद हैं, उनको ही एक ही वर्ष में तीन अलग-अलग परीक्षा कराकर भरने का निर्णय भी लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का मुख्य आधार प्रदेश की युवा शक्ति है। युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के अवसर प्राप्त हों, इस उद्देश्य से कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में आरंभ हुए रीवा, उज्जैन सहित अन्य आई.टी. पार्कों के माध्यम से युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर प्रदेश में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के परिणामस्वरूप रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि के साथ ही शासकीय विभागों में भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

## कार्यकर्ता सम्मेलन में नियुक्ति पत्र वितरण किए



भोपाल। संत रविदास मंदिर परिसर नारियल खेड़ा में नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ भोपाल के अध्यक्ष शोभाराम गन्नोरे एवं टीम द्वारा समस्त क्षेत्रों में नवीन वरिष्ठ सलाहकार समिति एवं क्षेत्रीय समिति का गठन कर समितियों का विस्तार किया है नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ, भोपाल की ओर से आप सभी को नियुक्ति पत्र एवं स्वागत एक मंच पर करने हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जिसमें सभी को नियुक्ति पत्र प्रमाण पत्र सोफे इस अवसर पर समाज के तेरी वरिष्ठ उपस्थित थे।

## जागृति क्लब के द्वारा नए साल का सेलिब्रेशन बनारसी साड़ी थीम पर आयोजित किया



**भोपाल।** जागृति क्लब के द्वारा नए साल का सेलिब्रेशन बनारसी साड़ी थीम पर आयोजित किया। लगभग 50 सदस्यों ने बनारसी साड़ी की अनुपम छठा बिखेरी, ढोल के साथ नए साल का स्वागत किया। गेम्स के साथ कई मनोरंजक कार्यक्रम हुए। पार्टी को होस्ट किया कमलेश राय और सुषमा राय ने साथ ही पूनम चौकसे, प्रतिभा चौकसे, मधु चौकसे, कल्पना राय, राजकुसुम राय, सहित कई सदस्य शामिल हुए।

## भाजपा लाड़ली बहना योजना से कर रही धोखाधड़ी: कांग्रेस

जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस टीकाराम कोष्टा,प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा ने चुनाव के दौरान प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने लाडली बहिनों के पैर पूज कर वोट लिया और सपना दिखाया कि सरकार बनने के बाद 1250 रुपए प्रति माह की जगह 3000 प्रतिमाह दिया जाएगा यह वायदा तो पूरा करना दूर की बात अब भाजपा सरकार ने 1.63 लाख महिलाओं को लाडली बहिना योजना से कर रहे बाहर यह लाडली बहिनों को 60 वर्ष होने के कारण बाहर करने की बजाय सरकार को बहिनों के हित में नियम से उम्र की बंदिश बता कर अलग करने के बजाय नियम में बदलाव करें क्योंकि इसी उम्र में लाडली बहिनों को पैसे की आवश्यकता होती है। क्योंकि मोहन सरकार को मालूम है अभी प्रदेश में कोई चुनाव है नहीं, इसलिए नई लाडली बहिनों को शामिल नहीं कर रहे ।पुरानी सूची से 60 वर्ष से अधिक वालों को बाहर कर रहे हो तो नए 21 वर्ष की लाडली बहनाओं को क्यों शामिल नहीं कर रहे ।

कांग्रेस नेता कोष्टा ने आरोप लगाया कि यह बीजेपी का दौहरा चरित्र जो अपनी लाडली बहनों को भी नहीं बक्श रही है। प्रदेश की मोहन सरकार लाडली बहिनों की आयु 21 वर्ष अधिकतम 60 वर्ष होना चाहिए । प्रश्न उठता है कि सरकार की मंशा क्या है कम से कम लाडली बहनों के साथ इतनी बड़ी धोखाधड़ी ना की जावे अन्यथा लाडली बहनों के हक के लिए कांग्रेस मैदान में नई लाडली बहनों को शामिल करने हेतु और 60 वर्ष की अधिकतम आयु खत्म करने कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

## विश्वभर के रोटेरियन ने भोपाल हिल्स रोटरी क्लब से जागरूकता रैली का शुभारंभ किया



**भोपाल।** रोटरी इंटरनेशनल के सदस्य, जो विभिन्न देशों से आए हैं, ने आज से जागरूकता रैली की शुरुआत की। रैली का उद्घाटन रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के अध्यक्ष रोटेरियन बी.एस. अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन कुणाल सिंघल ने किया। यह रैली भोपाल से पंचमढ़ी के लिए रवाना हुई, जिसमें रोटेरियन रोटरी के कार्यों, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास पर जागरूकता फैलाएंगे। रोटरी के सिद्धांत सेवा ऊपर स्वयं को फैलाना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना इस रैली का प्रमुख उद्देश्य है। रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के अध्यक्ष रोटेरियन बी.एस. अग्रवाल ने कहा, यह रैली रोटरी के सकारात्मक संदेश को फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन कुणाल सिंघल ने कहा यह रैली रोटरी की एकजुटता और सेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## विंध्य को आगे बढ़ाने में युवा करें अपनी भूमिका का निर्वहन: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने टीआरएस कालेज रीवा में आयोजित बघेली कलाकार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि कला व खेल के माध्यम से विंध्य की और रीवा की समृद्धि का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बघेली भाषा को कला के माध्यम से यहां के युवा प्रचारित कर रहे हैं, अब बघेली कलाकार खेल के माध्यम से भी अपनी बोली को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा नशे से दूर रहने का संकल्प लें तथा जिले, प्रदेश व देश को समृद्धि की राह में आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता निभाएं। नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने आयोजकों को रचनात्मक कार्यों के साथ खेल की विधा के आयोजन की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कार्यक्रम में बघेली पोस्टर का विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि एन सी सी ग्राउंड रीवा में आयोजित यह प्रतियोगिता चार दिवस तक चलेगी। सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, नगर निगम रीवा के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय सहित स्थानीय जन व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



**लालगांव से नेवरिया पहुंचमार्ग का किया भूमिपूजन:** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा प्रवास के दौरान 40 लाख 73 हजार रूपये से अधिक लागत की लालगांव कटरा मुख्यमार्ग से नेवरिया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने सड़क निर्माण के लिये जमीन दान देने वाले दानदाताओं वंदना मिश्रा, गया मिश्रा व कुसुम तिवारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने लिये तो सभी जीते हैं मगर असली जीना उसी का है जो दूसरों के हित के लिये जिये। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस गांव से मेरा बचपन से जुड़ाव है। मेरे पिता जी की यह ननिहाल है उनका जन्म भी यहीं हुआ था। उन्होंने अपने पूज्य पिता जी के साथ बिताए क्षणों को याद करते हुए संस्मरण सुनायें तथा कहा कि उनकी सेवाभाव व संस्कार से हमें जीवन में सीख मिली है और उन्हीं के स्थापित भव्यों पर आगे बढ़ने व सेवा का संकल्प लिया है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा जिला विकास के पायदान पर आगे बढ़ रहा है। सभी के समन्वित प्रयास व सहयोग से इसे प्रदेश व देश का उत्कृष्ट जिला बनाने का संकल्प पूरा करेंगे। सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम रीवा व्यंकटेश पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## केंद्र में अपर सचिव पद के लिए 27 अधिकारी पैनल में शामिल

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शुक्रवार को केंद्र में अपर सचिव/अपर सचिव समकक्ष स्तर के पदों के लिए विभिन्न सेवाओं, बैचों और संवर्गों से 27 अधिकारियों को पैनल में शामिल किया।

अधिकारियों की सूची में अपर्णा सचिन शर्मा (सीएसएस 1989), अनुज शर्मा (आईडीईएस 1991), जयपाल सिंह (आईएफओएस॰ 1991), उमा नंदूरी (आईएफओएस॰ 1993), प्रभात (आईआरपीएस॰ 1993), वालेति प्रेमचंद (आईडीईएस॰ 1994), विनोद कोतवाल (आईपी×टीए×एफएस 1994), अमृत राज (आईपीओएस॰ 1994), पूजा सिंह मण्डोल (आईए×एएस॰ 1995), संदीप सरकार (आईडीएएस॰ 1995), अनु पी मथाई (आई.ई.एस. 1995), रमा शंकर सिन्हा (IFoS 1995 AGMUT), ऋचा मिश्रा (आईडीएएस॰ 1996), होवेदा अब्बास (आईए×एएस 1997), अमितेश कुमार सिन्हा (आईआरएएस 199... ।

## मध्यप्रदेश ग्रीन टेक्नोलॉजी से सड़क निर्माण करने में अग्रणी राज्य बनेगा

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता एवं आगामी कार्य योजना पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में ऐसी तकनीको का प्रयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे प्रकृति संरक्षण और समावेशी विकास हो। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सड़कों के निर्माण में ग्रीन टेक्नोलॉजी में अगुआई करने वाला राज्य बनेगा। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तीनों चरणों में उत्कृष्ट कार्य किया है, चौथे चरण में भी बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में योजना के सभी लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण होंगे। मंत्री पटेल मंगलवार को ॥प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता 2000-2024 एवं आगामी कार्य योजना पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण दीपक आर्य उपस्थित रहे।

मंत्री पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरुआत की। यह योजना से ग्रामीण विकास के लिए वरदान साबित हुई। उनकी जनशताब्दी पर योजना ने 25 वर्ष पूर्ण कर लिए है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शरीर में जिस तरह रीढ़ की हड्डी है, उसी तरह ग्रामीण सड़कों ने देश के विकास में अपना योगदान दिया है। मध्यप्रदेश ने योजना के प्रारंभ से ही उल्लेखनीय कार्य किए गए है। एमपीआरआरडीए के नवाचार ई-मार्ग, संवेग की सराहना केंद्र सरकार द्वारा की गई है, यह विशेष उपलब्धि है। प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत बनाई गई 77 सड़कों का संधारण महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है, यह अत्यंत सराहनीय है। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य में 10 हजार किलोमीटर के अधिक सड़कें वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कर बनाई गई है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मंत्री पटेल कहा कि जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम भी इस योजना ने किया है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में सड़कों के बनने से सरकार की पहुंच बढ़ी है। उन्होंने बताया कि कैसे नरसिंहपुर जिले के जनजातीय गांव बमनी तक सड़क बनने से शेष गांव भी लाभान्वित हुए। उन्होंने पीएम जनमन योजना में जनजातीय क्षेत्रों में सड़क निर्माण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो बसाहटें सड़क विहीन हैं, उन्हें इस योजना के आगामी चौथे चरण में शामिल किया जायेगा।

स म्पा द की य

# बच्चियों और महिलाओं की तस्करी...!

आज मानव तस्करी विरोध एवं जागरूकता दिवस है। साल में एक बार यह दिवस आता है, तो हम आंकड़ों पर बात कर लेते हैं और जागरूकता वगैरह, वगैरह की बात भी हो जाती है। कोई बड़ा मामला अचानक पकड़ में आता है, तब भी ऐसा हीं कर लेते हैं। सामाजिक संगठनों में थोड़ा उबाल आता है, फिर मामला ठंडा हो जाता है।

आज फिर हम आंकड़ों और कुछ घटनाओं पर बात कर रहे हैं। लेकिन इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश में आज भी मानव तस्करी का दौर जारी है। सुबह-सुबह पढ़ने में आई खबर के अनुसार तो प्रदेश में बड़े पैमाने पर नाबालिग बच्चियों और महिलाओं की तस्करी हो रही है। दलाल बिना डरे पुलिस चौकी के सामने और अस्पताल परिसर तक में बच्चियों और महिलाओं की डेढ़-डेढ़




लाख रुपए में खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। कई जगह तो दाम और कम हैं।

खबर के अनुसार ओडिशा-महाराष्ट्र के एजेंट शादी के नाम पर यह पूरा सौदा मोबाइल फोन पर करते हैं। कटनी, दमोह, सागर, छतरपुर, पन्ना, और नौगांव में इन महिलाओं और बच्चियों को उड़ीसा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से लाकर 90 हजार से 1.5 लाख रुपए में बेचा जा रहा है। पड़ताल में खुलासा हुआ है कि तस्कर 60 साल तक की महिलाओं को भी बेच रहे हैं। गिरोह के एजेंट बच्चियों और महिलाओं को रेलवे व बस स्टैंड से शिफ्ट कर दूसरे शहरों में भेजते हैं।

बच्चियों और महिलाओं की तस्करी के लिए ट्रैफिकिंग गिरोह के एजेंट बीना, कटनी, झांसी और गोंदिया रेलवे स्टेशन का उपयोग जंक्शन के रूप में करते हैं। वजह- इन शहरों की रेलवे कनेक्टिविटी ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से दूसरे शहरों की अपेक्षा ज्यादा बेहतर है।

खबर में प्रदेश के कई शहरों में महिलाओं और बच्चियों को बेचे जाने के मामले बताए गए हैं। दमोह हो या अशोकनगर, रतलाम हो या मंडला, झाबुआ हो या शहडोल, तमाम शहरों और कस्बों में बाहर के लोग आते हैं और महिलाओं का सौदा करके ले जाते हैं। खास बात यह है कि बहुत ही मामूली संख्या इसमें ऐसी है, जिनमें लोग शादी करने के लिए खरीदते हैं। बाकी मामलों में तो इनसे बाकायदा वैश्यावृत्ति ही करवाई जाती है। कुछ मामलों में बंधुआ मजदूर भी बनाकर रखा जाता है। बंधुआ मजदूरी के लिए तो सभी तरह के बच्चों की खरीद फरोख्त की जाती है।

अगर पूरे देश की बात करें तो देश में सबसे ज्यादा मानव तस्करी के मामले तेलंगाना में दर्ज हुए। यहां 2022 में 391 केस रिपोर्ट किए गए। मप्र में इसी अवधि में 81 केस दर्ज हुए। इस मामले में मप्र का स्थान 11वां है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, मप्र में 2018-2022 के बीच मानव तस्करी के 386 केस दर्ज हुए। 1756 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन कोर्ट में ट्रायल के दौरान 27 प्रतिशत आरोपी सबूतों की कमी से बरी हो गए, जबकि केवल 7 प्रतिशत को सजा मिली।

2022 में, सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी मामलों की जांच की सूचना दी, जबकि 2021 में 2,189 तस्करी के मामले थे। सरकार ने यह नहीं बताया कि इन आँकड़ों में आईपीसी की कौन सी धाराएँ शामिल थीं। सरकार ने 2021 की तुलना में 2022 में अधिक तस्करी के मामलों में मुकदमा चलाया। 2022 में, सरकार ने 676 तस्करी मामलों में अभियोजन पूरा किया, 131 मामलों में 204 तस्करों को दोषी ठहराया और 545 मामलों में 1,134 संदिग्धों को बरी कर दिया। तस्करी के मामलों में बरी होने की दर 81 प्रतिशत थी। इसकी तुलना में सरकार ने 201 मामलों में अभियोजन पूरा किया, 32 मामलों में 64 तस्करों को दोषी ठहराया और 2021 में 169 मामलों में 520 संदिग्धों को बरी किया, जिसमें 84 प्रतिशत मामलों में बरी कर दिया गया। भारत के 36 राज्यों और क्षेत्रों में से चार ने 2022 में सभी तस्करी के लगभग आधे मामलों की रिपोर्ट करना जारी रखा, जो संभवतः बड़ी तस्करी समस्याओं के बजाय उन राज्यों और क्षेत्रों में अधिक परिष्कृत रिपोर्टिंग के कारण था।

2022 में, कानून प्रवर्तन बीएलएसए के तहत बंधुआ मजदूरी के 1,421 मामले दर्ज किए, जो 2021 में 592 मामलों से अधिक है। 2022 में, अधिकारियों ने बीएलएसए के तहत 4,503 मामलों में 1,362 व्यक्तियों को दोषी ठहराया और 74 मामलों में 83 व्यक्तियों को बरी किया, जो लगभग 94 प्रतिशत बरी दर है। यह 2021 में बीएलएसए के तहत 38 मामलों में 40 व्यक्तियों को दोषी ठहराए जाने और 49 मामलों में 64 व्यक्तियों को बरी किए जाने की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि थी, जो लगभग 62 प्रतिशत बरी दर है। भारत के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से इक्कीस ने 2022 में बीएलएसए के तहत किसी भी बंधुआ मजदूरी पीड़ित की पहचान करने या कोई मामला दर्ज करने की रिपोर्ट नहीं की, जबकि उनमें से कई राज्यों में बंधुआ मजदूरी पीड़ितों की लगातार रिपोर्ट आ रही हैं।

मानव तस्करी की शर्मनाक तस्वीर हमारे समाज पर कलंक ही है। लेकिन इसमें समाज के तमाम ठेकेदारों की शह ही होती है और संरक्षण भी मिलता है। तभी तो जो मामले बमुश्किल पकड़े जाते हैं, उनमें भी पांच से सात प्रतिशत तक को ही सजा मिल पाती है। बाकी बरी हो जाते हैं। यही कारण है कि मानव तस्करी जारी है। कुछ उंगलियों पर गिनने लायक संगठन ही इसे रोकने में और जागरूकता के लिए लगे हैं, बाकी लोग तो दिवस पर या कोई बड़ी घटना सामने आने पर कार्यक्रमों, बयानों के माध्यम से अपनी प्रचार की भूख मिटाते हैं और अपनी समाजसेवा की दुकान चलाते रहते हैं।

### श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर विशेष

# भारत के उत्थान की प्रेरणा है राष्ट्र मंदिर



**हितानंद शर्मा**

अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय वह अभिजीत मुहूर्त, जब प्राण-प्रतिष्ठा कर रामलला के नेत्रों से पट्टिका हटाई गई तब पूरे विश्व में सनातन संस्कृति के उपासकों के नेत्रों में श्रद्धा, आस्था, आनंद और प्रतीक्षा के आँसू थे। पौष शुक्ल द्वादशी, 22 जनवरी 2024 केवल अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव का दिवस नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की दृष्टि और विचारों के परिवर्तन की उपलब्धि का दिन है। पीढ़ियों की तपस्या, त्याग, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या ने इस शुभ घड़ी का स्वागत किया था।



भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से आनंदित, उत्साहित यह वही अयोध्या है जिसके परिचय में अथर्व वेद में उल्लेख आता है कि -

**अष्ट चक्रा नव द्वारा देवाना पू अयोध्या।**
**तस्या हिरण्मयः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः।।**

अयोध्या, जिसका अर्थ ही है जो अजेय, अपराजित है। सहस्त्रों वर्षो तक अयोध्या अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए जानी जाती रही। वही अयोध्या जहाँ हिन्दू समाज के आराध्य श्रीराम जी का जन्म सकल लोक के मंगल हेतु हुआ। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी अयोध्या का वर्णन कुछ इस प्रकार करते हैं-

**विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।**
**निज इच्छा निर्मित प्रभु माया गुन गो पार।।**

हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र, समरसता, नैतिकता व कर्तव्यपालन का बोध कराने वाले श्रीराममंदिर का कालांतर में विध्वंस कर मुगल आक्रांताओं द्वारा गुलामी के प्रतीक के रूप में बाबरी मस्जिद बना दी गई। इसके बाद 1528 से ही आरंभ हुए श्रीराममंदिर आंदोलन का 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय पर विराम हुआ। 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ करोड़ों लोगों ने अपनी भावनाओं ने विविध प्रकार से अभि०?यक्ति त् की।

यह एक ऐसा आंदोलन रहा जिसमें साधु-संतों ने युद्ध भी किया और वे आध्यात्मिक जागरण के केंद्र भी बने। बैरागी अभिराम दास (योद्धा साधु), राममंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष महंत रामचन्द्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ व देवरहा बाबा ने संपूर्ण आंदोलन को एक दिशा प्रदान की। कोठारी बन्धुओं के बलिदान को हिन्दू समाज भला कैसे विस्मृत कर सकता है? विष्णु डालमिया, अशोक सिंहल वे तेजपुंज हैं, जिन्होंने सनातन ऊर्जा को संग्रहीत कर इस पवित्र कार्य से जोड़ा।

मंदिर आंदोलन के मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित ही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे आंदोलन में जनजागरण करते हुए आस्था के उच्चतम प्रतिमानों को विश्वव्यापी स्वरूप दिया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विचार परिवार के सभी संगठनों ने अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहब देवरस की मंशा के अनुरूप धैर्यपूर्वक योजनाबद्ध आंदोलन किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देशव्यापी रथयात्रा ने पूरे भारत में वातावरण का निर्माण किया तो असंख्य कारसेवकों के बलिदान ने राम राष्ट्र के इस यज्ञ में समिधा का कार्य किया।

मंदिर आंदोलन के इतिहास में अनेक बलिदानियों के रक्त व उनके परिजनों के त्याग का बिंदु समाहित है। राममंदिर के प्रति समाज की आस्था इतनी प्रबल रही है कि जब श्रमदान आवश्यक था तब श्रमदान किया। वहीं राष्ट्रमंदिर को भव्यता और दिव्यता देने के लिए निधि समर्पण अभियान में जाति, वर्ग, दल, समूह के सभी बंधनों को ध्वस्त करते हुए जिससे जो बन पड़ा उसने भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पण किया।

भारतीय पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी को आज ही के दिन जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को थी, भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। संपूर्ण भारत की आस्था के केंद्र श्रीराम मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को बल मिला और देशवासियों में स्वाभिमान का जागरण हुआ। वहीं जो लोग मन्दिर निर्माण का विरोध कर रहे थे उनके सारे अवरोधों का प्रति उत्तर भी इस एक वर्ष में मिला। प्राण-प्रतिष्ठा से आज प्रथम वर्षगांठ तक असंख्य दर्शनार्थियों ने न केवल रामलला के दर्शन किए बल्कि अयोध्या सहित आस-पास के क्षेत्र के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई है।

नागर शैली में निर्मित अलौकिक सुंदरता से परिपूर्ण श्रीराम मंदिर की लंबाई पूर्व से पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट है। भव्य तीन मंजिला मंदिर में 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। भूतल में प्रभु श्रीराम का मोहक बाल रूप तो प्रथम तल में श्रीराम दरबार का गर्भगृह है। नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना व कीर्तन मंडप है। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी विराजित हैं। मंदिर के समीप ही पौराणिक काल का सीताकूप रहेगा। 732 मीटर लंबे व 14 मीटर चौड़े चहुंमुखी आयताकार परकोटे के चार कोनों पर भगवान सूर्य, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व देवी अहिल्या के मंदिर प्रस्तावित हैं।

यह मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। एक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने ऐसे ही प्रतीकों से ऊर्जा प्राप्त करता है। राम मंदिर भारत की चेतना का पर्याय है और इसका भी कि राम जन-जन की स्मृति में कितने गहरे रचे-बसे हैं। यह आधुनिक विश्वऔ के इतिहास में पहली बार है, जब किसी समाज ने अपने प्रेरणा पुरुष के जन्मस्थान एवं उनके उपासना स्थल को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से न्यायपूर्वक छुड़ाने में सफलता प्राप्त की।

प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में उमड़ा भावनाओं का ज्वार ऐसे अनेक प्रश्नों का उत्तर दे रहा था कि राम मंदिर का निर्माण क्यों आवश्यक था और हिंदू समाज उसके लिए इतनी व्यग्रता से क्यों प्रतीक्षा कर रहा था? अच्छा होता कि यह प्रतीक्षा स्वतंत्रता के बाद ही पूरी हो जाती, किंतु संकीर्ण राजनीतिक कारणों और कथित सेक्युलरिज्म की विजातीय-विकृत अवधारणा के चलते ऐसा नहीं हो सका। यह विडंबना ही रही कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की हिंदू समाज की सदियों पुरानी स्वाभाविक अभिलाषा की अनदेखी की गई।

जिस अयोध्या को अवनी की अमरावती और धरती का बैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त थी, उपेक्षित रही, सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पद दलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाए रखा। समय के साथ समाज का संकल्प भी दृढ़ होता गया और आज समस्त सृष्टि अयोध्या के वैभव को निहार रही है। यह धर्म नगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित हो रही है।

संकल्प और साधना की सिद्धि के लिए, हमारी प्रतीक्षा की इस समाप्ति के लिए और संकल्प की पूर्णता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का भी अभिनंदन है। एक दूरद्रष्टि लेकर भारत के न भूतो न भविष्यलति के स्वर्णिम अवसर को साकार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री राम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है। यह राष्ट्र मंदिर है। अब भारत को भव्य बनाने के संकल्प को पूर्ण करने की बारी है और भगवान श्रीराम का मंदिर इसकी प्रबल प्रेरणा है। ऐसा होना निश्चित ही है क्योंकि इस प्राण प्रतिष्ठा से समस्त दिशाओं से शुभ संकेत मिलना आरंभ हो ही चुका है। गोस्वामी तुलसीदास जी की इन पंक्तियों के साथ-

**मोरे जिय भरोस दृढ़ सोई, मिलहि राम सगुन सुभ होई.'' शुभमस्तु।**

(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री हैं।)

# खतरे की घंटी है, यह विकास दर

**राकेश दुबे**

देश के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी की विकास दर का जो अनुमान बताया है, वह खतरे की घंटी है। 'विकसित भारत' के संकल्प और लक्ष्य को पीछे धकेल सकती है। यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एडीबी और एसएंडपी एजेंसी के अनुमानों से भी कम है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की विकास दर 6.4 प्रतिशत आंकी गई है, जो बीते चार साल में सबसे धीमी और निम्न स्तर पर रहेगी। भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट में तो यह दर घटकर 6.3 प्रतिशत हो गई है। अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों के कुल 8 उप-क्षेत्रों में से कृषि और लोक प्रशासन को छोड़ कर शेष 6 क्षेत्रों में विकास दर में गिरावट आंकी गई है। विनिर्माण, सेवा, निर्माण, खनन, बिजली-गैस, होटल-परिवहन और औद्योगिक वृद्धि में वित्त वर्ष 2024 की तुलना में चालू वित्त वर्ष में गिरावट के पूरे आसार हैं।

कृषि में 1.4 प्रतिशत की तुलना में 3.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी और लोक प्रशासन में 7.8 प्रतिशत के स्थान पर 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। दरअसल नीतिकारों को यह चिंता करनी चाहिए कि भारत की वास्तविक मिश्रित सालाना विकास दर, बीते 10 सालों के दौरान, घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई है। बीते 4 सालों में तो यह 4.8 प्रतिशत ही रह गई है। ऐसा देश 'विकसित' बनने का लक्ष्य कैसे हासिल कर सकता है।




भारत को इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि उसकी विकास दर अमरीका, चीन, जापान सरीखे देशों की तुलना में ज्यादा है। अमरीका की अर्थव्यवस्था हमसे 8 गुना अधिक है, जबकि आबादी 33 करोड़ के करीब है। चीन की अर्थव्यवस्था हमसे 5 गुना ज्यादा है और जापान में आबादी कम है और वह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत को आत्मचिंतन करना चाहिए कि सरकार 7-8 प्रतिशत विकास दर के दावे करती रहती है और हकीकत बहुत कम है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद यह भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे धीमी गति साबित हो सकती है। इस कथित मंदी का आधार व्यापक है। इसी अवधि में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 से घटकर विकास दर 5.3 प्रतिशत हो सकती है, जिसका असर रोजगार सृजन पर पड़ेगा। ऐसे में सरकार को खपत बढ़ाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

विकास दर लुढ़कने के बावजूद निजी उपभोग में उछाल आएगा, यह एक अच्छी खबर है, लेकिन फिक्स्ड पूंजी निर्माण में बढ़ोतरी 6.4 प्रतिशत ही होगी, जो वित्त वर्ष 2024 में 9 प्रतिशत थी। निजी उपभोग व्यय और फिक्स्ड पूंजी निर्माण किसी भी अर्थव्यवस्था में क्रमशः 60 प्रतिशत और 30 प्रतिशत के योगदान के साथ बढ़ोतरी के इंजन होते हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि दोनों में गिरावट देखी जा रही है। सारांश यह है कि निवेश अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ाने वाली ताकत के तौर पर काम नहीं कर रहा है। अर्थात निवेश पर्याप्त नहीं मिल पा रहा है। हालांकि भारत में कॉरपोरेट कर अन्य देशों की तुलना में कम है और उत्पादन से जुड़ी योजनाओं के तहत प्रोत्साहन दिए जाते हैं, फिर भी अपेक्षाकृत निवेश कम आ रहा है। कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2020-21 में हमारी अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। उसके बाद 2021-22 में यह 9.7प्रतिशत , 2022-23 में 7 प्रतिशत और 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की गई, लेकिन अनुमानित गिरावट बहुत ज्यादा है और हमें चेतावनी देती है। अर्थव्यवस्था में संभावित गिरावट के प्रमुख कारण ये बताए जा रहे हैं-वैश्विक मंदी का असर, महंगाई से राहत नहीं, उपभोक्ता व्यय में कमी, देश के व्यापार घाटे में लगातार बढ़ोतरी और ऊंची ब्याज दरों का मांग पर प्रभाव।

क्या इस घटती विकास दर के लिए रिजर्व बैंक, उसकी मौद्रिक नीति और गैर-लचीली ब्याज दरों को दोषी ठहराया जा सकता है? कुछ हद तक यह सवाल सही है, क्योंकि दिल्ली में हुई बैठक के दौरान यह आकलन सामने आया था। भारत में मुद्रास्फीति भी बहुत अहम कारण है। मुद्रास्फीति अधिकतर खाद्य पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ती है, तो ऊंची ब्याज दरें भी जिम्मेदार हैं। इन दोनों ही स्थितियों में सरकार को कारगर और आम आदमी-समर्थक कदम उठाने चाहिए। बहरहाल जागने और सचेत होने की घंटी बजी है, तो सरकार को यथासमय नींद से उठना चाहिए।

# सीएम हाउस बने, आधुनिक 'राजा निवास'

**सरयूसुत मिश्रा**

अरविंद केजरीवाल के शीश महल को खोल, पब्लिक को दिखाने की मांग हो रही है. जब केजरीवाल इसमें रहते थे, तभी अगर इसे जनता के लिए खोल दिया गया होता तो ना फिर आज आंदोलन की जरूरत पड़ती और ना ही यह चुनावी मुद्दा ही बनता.

मापदंड बनाने और फिर उन्हीं को तोड़ने पर सवाल उठते हैं. केजरीवाल का शीश महल इसीलिए भ्रष्टाचार के स्मारक के रूप में प्रसिद्ध हो रहा है, क्योंकि उन्होंने कट्टर ईमानदारी और सादगी भरे राजनीतिक जीवन का मापदंड स्वयं निर्धारित किया था.

दिल्ली के सीएम हाउस को शीश महल, बीजेपी और कांग्रेस दोनों बता रही हैं. सीएम हाउस में विलासिता पूर्ण कार्यों और उन में भ्रष्टाचार का मुद्दा सबसे पहले कांग्रेस ने ही उठाया था. अब बीजेपी इसे आप के भ्रष्टाचार के स्मारक के रूप में चुनाव में पेश कर रही है. दोनों राष्ट्रीय दल संसदीय व्यवस्था के सिरमौर हैं. बीजेपी की अधिक राज्यों में तो कांग्रेस की भी तीन राज्यों में सरकारें चल रही हैं. दोनों दलों के राज्यों में मुख्यमंत्री हैं. राज्यों के सीएम निवास, लग्जरी निवास बने हुए हैं. हर साल सीएम बंगलो पर बेतहाशा जनधन खर्च किया जाता है.

सरकारी बंगलो को सरकारी संपत्ति तो महसूस ही नहीं किया जाता. इसे अपनी परमानेंट संपत्ति मानते हुए ही जनता का धन खर्च कर विलासिता पूर्ण काम कराए जाते हैं. ऐसा नहीं है कि, एक मुख्यमंत्री ने कर लिया तो वह दूसरे मुख्यमंत्री द्वारा भी उपयोग कर लिया जाएगा? मुख्यमंत्री के बदलते ही फिर नए सिरे से कार्य होता है.

मध्य प्रदेश में तो घोषित सीएम निवास के अलावा एनेक्सी भी सीएम के ही कब्जे में रहती है. यह प्रवृत्ति हर दल के नेता में समान रूप से देखी जाती है. मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस के अलावा एनेक्सी पर भी काबिज थे. सीएम रहते उन्होंने एनेक्सी से सटा सरकारी बंगला भी दूसरे स्वरूप में अपने कब्जे में ले लिया. अब दोनों बंगले एक ही मालिक के दिखाई पड़ते हैं. उनमें अंतर करना नामुमकिन है.

कमलनाथ जब मुख्यमंत्री बने, तब वह भी सीएम हाउस के अलावा अपने पुराने बंगले को एनेक्सी के रूप में उपयोग करते रहे. बाबूलाल गौर ने भी वही किया था. वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इसी लाइन पर चल रहे हैं. सीएम हाउस तो उनके पास है ही, उनका पुराना बँगला विंध्य कोठी भी सीएम एनेक्सी के रूप में काम कर रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उज्जैन में भी एक सीएम हाउस बनाया गया है. इंदौर के प्रभारी मंत्री के रूप में सीएम के ठहरने के लिए इंदौर में अगर व्यवस्था बनाई जाएगी तो फिर वह भी एनेक्सी ही कहलाएगी.




मध्य प्रदेश के केंद्रीय मंत्री भी राजधानी में बंगला हासिल कर लेते हैं. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास भी भोपाल में सरकारी बँगला है. वहीं केंद्रीय मंत्री राज्य की राजधानी में सरकारी बंगला हासिल करने में असफल होते हैं, जो सत्ता साकेत में समीकरण के कारण मंत्री तो बन जाते हैं, लेकिन उनकी सियासी ताकत बहुत प्रभावी नहीं होती.केंद्रीय मंत्रियों को राष्ट्रीय राजधानी में भी सरकारी बंगला उपलब्ध होता है. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पास बंगला होगा और भोपाल में भी है. केंद्रीय मंत्रियों को राज्य की राजधानियों में सरकारी बंगलो की उपलब्धता का औचित्य जनसेवा की दृष्टि से तो साबित नहीं होता अगर आवश्यक है, तो संसदीय क्षेत्रों में आवास व्यवस्था पर विचार संभव है.

सरकारी बंगलो की बंदर वांट तो राजनीतिक गणित साधने का साधन बन गया है. केंद्रीय मंत्रियों के अलावा राज्य की राजधानी में सांसदों को भी सरकारी बंगले उपलब्ध कराने की वृत्ति, संसदीय व्यवस्था के दुरुपयोग की श्रेणी में आएगी. सांसदों को दिल्ली में तो आवास उपलब्ध कराया जाता है. मध्य प्रदेश में बीजेपी का अध्यक्ष बनने के बाद वी.डी. शर्मा को सरकारी बंगला उपलब्ध कराया गया है, इसे सुसज्जित भी कराया गया है.

हाई कोर्ट की आपत्ति के बाद पूर्व मुख्यमंत्री को सरकारी बंगला उपलब्ध कराने की एमपी सरकार की नीति पर सवाल खड़े हुए थे. शिवराज सरकार के समय न्यायालय के निर्देश पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को आवंटित बंगले का आवंटन निरस्त कर दिया गया था. कमलनाथ की सरकार आते ही फिर से वही बँगला आवंटित कर दिया गया. उसके बाद तो बंगले में साज सज्जा और रिकार्ड निर्माण कर शायद सत्ता में ताकत के अहंकार की पुष्टि की गई.पूर्व मुख्यमंत्री को सरकारी बंगला देने का औचित्य सरकार कैसे साबित करेगी? एक लोक सेवक जो जनधन से वेतन ग्रहण करता है, वह सेवानिवृत होने के बाद जनधन से सुविधा बँगला कैसे हासिल कर सकता है. वह भी तब जब उसे पेंशन भी मिलती है.

ऐसा लगता है कि, शीश महल और राजमहल का विवाद जनता को भ्रमित करने के लिए ही पैदा किए जाते हैं. सियासत की मानसिकता 'राज और महल' पर ही टिकी होती है. मौका मिलने के बाद हर नेता शीश महल और राजमहल बनाने की सोच पर ही आगे बढ़ता है. नरेंद्र मोदी जैसे बिरले नेता होंगे जो यह सीना ठोंक कर कहते हैंकि, हमने जीवन में अपने लिए एक मकान नहीं बनाया और लोग सरकारी धन से शीश महल बना लेते हैं.

राजशाही रही नहीं लेकिन उसके बीज, लोकशाही में बिखरे हुए दिखाई पड़ते हैं. राज्यों के सीएम आधुनिक राजा स्वीकार किए जाते हैं. जब आज राजशाही परिवार अपनी विरासत राजमहलों को लग्जरी होटल रिसोर्ट में बदल रहे हैं तो आधुनिक राजा सीएम निवास को लग्जरियस बनाने में कर्तव्य निष्ठ हैं. जनधन को प्रोटेक्ट करना जिनकी जिम्मेदारी है वही लग्जरी के लिए अपव्यय करते हैं. मितव्यतिता का विचार र तो शायद सरकारी व्यवस्था से मिट गया है. कर्ज लेकर घी पीने की 'चारवाक संस्कृति' सरकारों का स्वभाव बन गया है. सरकारी बंगले का दुरुपयोग राजनीतिक बंदरबाँट का हिस्सा है. स्वयं की लग्जरी के लिए जनधन के दुरपयोग को तो अब बेईमानी भी नहीं कहा जाता, इसे तो ईमानदारी ही स्वीकार कर लिया गया है.

किसी एक को शीश महल और राजमहल के लिए जिम्मेदार बताने से काम नहीं बनेगा. लोकशाही से उस मानसिकता को हटाना पड़ेगा जो राजशाही के प्रतीक शीश महल और राज महल बनाने की प्रेरणा देती है. यह तभी होगा जब नेता या व्यक्ति के भीतर की ज्योति जलेगी. राजनीतिक वाद विवाद से इसका समाधान होने के बदले, वक्त के साथ यह बढ़ता ही जाएगा. हर सीएम हाउस में शीशे की वाल है फिर भी दूसरों पर पत्थर फेंकने से कोई पीछे नहीं रहता.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in



सुल्तानपुर //आज राम जानकी मंदिर में राम उत्सव एवं दीप महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा है इस अवसर पर श्री ब्रह्मचारी महाराज बापौली धाम के अमृत वाचन का कार्यक्रम भी संचालित हो रहा है यह कार्यक्रम हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में संपन्न हो रहा है प्राण प्रतिष्ठा 10 हाशमी महोत्सव का सफल कार्यक्रम राम जानकी मंदिर सुल्तानपुर में बड़ी धूमधाम से चल रहा है हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शुभम शर्मा एवं उनके साथी इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए प्रयास कर रहे हैं कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी एवं भंडारे का भी कार्यक्रम संचालित होगा

## कलेक्टर ने चायनीज मांझा के विक्रय पर किये प्रतिबंधित आदेश जारी

सिवनी- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए तथा कानून व्यवस्था को बनाये रखने को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश नायलोन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) के निर्माण, विक्रय तथा भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये हैं साथ ही सभी तहसीलदारों, थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में चायनीज मांझे पर सतत निगरानी रखते हुये कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये हैं। उक्त आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत एक पक्षीय पारित किया गया है। उक्त आदेश जारी तिथि से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

## पत्रकारों ने पूर्व राज्यसभा सांसद को गौमाता का स्मृति चिन्ह भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं



नरसिंहपुर. । पूर्व राज्य सभा सांसद श्री कैलास सोनी जी के जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण गोमाता प्रेमी श्री सोनी जी को गौमाता का स्मृति चिन्ह देकर माला पहनाकर शतायु होने की कामना करते हुए आशीर्वाद और स्नेह पत्रकार साथियों ने प्राप्त किया. करेली के वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव ,अतुल तिवारी,उदय ठाकुर ,जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय श्रम जीवी पत्रकार परिषद के नरसिंहपुर ,भागीरथ तिवारी गीत गोविंद पटेल ,प्रदीप शर्मा ,निरंजन सिंह कौरव ,रंजीत कौरव जी आदि शुभचिंतक उपस्थित रहें

## समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 23 तक

औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 5 लाख 61 हजार 627 किसानों से 36 लाख 50 हजार 736 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 23 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में अभी तक 5005 करोड़ 21 लाख रूपये की राशि अंतरित कर दी गई है। रायसेन जिले में अभी तक 36 हजार 617 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

## गजराज और इंदिरा कालोनी बैगा टोला के बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ



मंडला-- जिले के जनपद पंचायत मोहगाँव अंतर्गत ग्राम पंचायत सुडगाँव के सार्वजनिक मंच सुडगाँव के प्रांगण में 10 जनवरी को ग्रामीण स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मोहगाँव अध्यक्ष गतसिंह भवेदी के करकमलों से फीता काटकर वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।पहला मैच गजराज और इंदिरा कालोनी बैगा टोला टीम के बीच खेला गया जिसमें शुभारंभ मैच गजराज टीम विजय हासिल कर मैच को अपना नाम कर लिया। वॉलीबाल मैंच फाइनल मैच का समापन 12 जनवरी को निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा।वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ में जनपद पंचायत अध्यक्ष गतसिंह भवेदी, समाजसेवी हीरा सिंह उइके,खेमचंद सिंगराम,अध्यक्ष हन्नू सिंह रुद्दह्न%ह्य,उपाध्यक्ष बीर सिंह धुर्वे,सचिव बाल सिंह सैयाम,उद्घघोषक दिनेश सोनवानी,फग्गन सिंह मरावी, जयपाल मार्को,रविन्द्र मसराम,



वार्ड क्रमांक 15 श्री माया के पीछे वाली गली पिण्डारवाडी में नगर पालिका द्वारा पिछले 6 माह से गली की सफाई नहीं की जा रही है वार्ड प्रभारी द्वारा प्रतिदिन अवगत कराने के उपरांत भी उसे टाला जा रहा है स्थिति से नगर पालिका सीएमओ को भी अवगत कराया गया एवं नगर पालिका अध्यक्ष को भी अवगत कराया गया पार्षद द्वारा कहा जा रहा है कि मेरे वार्ड की सफाई न की जाए गली में गंदगी से लोग परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कर रहे हैं उसके उपरांत भी साफ सफाई का काम नहीं कराया जा रहा है

# पंचायत सचिव व सहायकों की मनमर्जी से ऐतिहासिक बरमान मेला खो रहा है अपना अस्तित्व

**बर्षो से मेला की शान बनाए रखने वालों को कर रहे हैं नजरअंदाज.**



नरसिंहपुर (गीत गोविंद पटेल)। भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्रम्हांड घाट पर मकर संक्रांति के पावन मौके पर हजारों बर्षो से अनवरत चले आ रहे ऐतिहासिक मेला का भारी महत्व है जो कि प्रतिवर्ष मकर संक्रांति को 13 जनवरी से 31 जनवरी तक लगता है. जिसकी व्यवस्था स्थानीय प्रशासन के द्वारा स्थानीय निकायों के सहयोग से की जाती है. और औपचारिक उद्घाटन एवं समापन भी किया जाता है. यहाँ पर लाखों श्रद्धालु आसपास के कई जिलों से आते हैं. मेला मे श्रद्धालुओं के आने जाने स्नान पूजन मनोरंजन सहित उनके मन माफिक खाने पीने व जरूरी सामग्री खरीदने उनकी सुरक्षा आदि सभी के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की जाती है.

लेकिन यह ऐतिहासिक मेला भी भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ने लगा है. जिसमें स्थानीय ग्राम पंचायत के कर्मचारियों द्वारा जिनको यह व्यवस्था दी जाती है वे ही यहाँ पर व्यवस्था के नाम पर कोताही कर रहे हैं.

बर्षो से मेला मे अपने मनोरंजन के बड़े बड़े साधनो के माध्यम से श्रद्धालुओं का मनोरंजन आदि विगत कई बर्षो ह्यद्ग करते चले आ रहे हैं उन्हें अब मेला कर्मचारियों के द्वारा किसी तरह से परेशानियां उत्पन्न की जा रहीं हैं. देखने में आ रहा है कि जनपद पंचायत करेली एवं चावर पाठा के अंतर्गत आने वाले बरमान कला ,बरमान खुर्द में मेले को लेकर कोई भी जिला अधिकारी चाहते हैं कि यह ऐतिहासिक मेले को चार चांद लगाया जाए जिससे कि इसकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक पहुंचे और इस मेले मे अपने दुकान और झूला सर्कस और ट्रेन लाकर इस मेले को वर्षो से सुचारू रूप से चले और भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्रह्मांड घाट का नाम प्रसिद्ध हो द्य पर यहां दोनों पंचायत में के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाने के कारण यह मेला अपनी प्रसिद्धि पर विराम लगाने को उतारू है जहां एक और जिले के विधायक और जनप्रतिनिधि के साथ साथ जिला प्रशासन के अधिकारी चाहते है कि यह मेला का महत्व बना रहे हे इस हेतु जनप्रतिनिधि भी अपनी निधि से महिलाओं के लिया अंग वस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रुम के लिए बड़ी संख्या में भी राशि भी देते हे और स्वैच्छिक दान भी देते है पर देखने में आता हे कि मां नर्मदा के दोनों तटों पर चेंजिंग रुम कही भी दिखाई देते है द्य जब पंचायतों के सचिव , रोजगार सहायकों से जानकारी ली जाती है पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक बोलते हे कि नर्मदा नदी में बहाव के कारण चेंजिंग रूम बह गए है द्य और तो ओर उच्च न्यायालय ओर एन जी टी के आदेशों की अवहेलना को लेकर लागतार दुकानों को पक्के अतिक्रमण करने को लेकर निर्माण करवाते हे क्योंकि इनसे बड़ी रकम लेते हे कुछ तो ऐसे अधिकारी के साथ साथ सचिव और रोजगार सहायक सबसे बड़े होते हे जो कि उच्च न्यायालय ओर एन जी टी के आदेशों की अवमानना,और आदेशों की अवहेलना करते हुए सबसे बड़े अधिकारी हो गए जब तक इन पर कार्यवाही न होने से यह मेले को खत्म करने की कोशिश करते हे द्य मेला समिति की बैठक में नावों में बैठने वाले यात्रियों को क्षमता से ज्यादा ओर बिना जैकेट के नाव में न बैठने की बात होती हे पर इन नियमो की अवहेलना किस तरह होती हे बिना सूचना के मेले का निरीक्षण करे तो समझ में आयेगा कि जिला के अधिकारी से बड़े सचिव हेद्य जो वर्षो से दुकान लगाकर मेले में आते है और मेले में हानि लाभ की चिंता नहीं करते हे पर मेले में दलाली के चक्कर में बाहरी प्रदेशों को सामान लगवाकर कर विश्वनीयता खत्म हो रही हे जब तक वर्षो पुराने जमे कर्मचारियों का स्थानांतरण न होगां और कार्यवाही नहीं होगी तब तक मेला सुचारू रूप से नहीं चलेगा.

## आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन,बेगमगंज, बरेली की अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- शुक्रवार को कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे के निर्देशन मैं वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर सुदीप तोमर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व मे आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज, रायसेन ,बेगमगंज बरेली व्रत की संयुक्त टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा मंडीदीप एवं गौहरगंज तहसील अंतर्गत ग्राम धामधुसर, साजड़ी, सर्रआ अगरिया ,जठानपुर, छोटी झिरी, आलमपुर पर दबिश दी गयी जिसमे 18प्रकरण दर्ज हुए 11 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 198 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब 98 पाव प्लेन मदिरा, 14 बोतल बियर,63पाव अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई एवं लगभग 2200 द्यद्द महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 330458 रुपये है,कार्यवाही मैं आबकारी उपनिरीक्षक गौरव भद्रसेन ,रविन्द्र अहिरवार,राजेश विश्वकर्मा, मुकेश श्रीवास्तव शामिल रहे , कार्यवाही से शराब का अवैध व्यवसाय करने वालो मैं हड़कंप है पूर्व मे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही मैं सेमरी पंप हाउस,तामोट, सररई, सिन्धी केम्प, अर्जुन नगर ,मंडीदीप, नया पुरा, दिवटीया जैसे कच्ची शराब के विक्रय स्थलों पर बड़ी कार्यवाही की गई थी जिसमे कई सौ लीटर अवैध शराब एवं हजारो किलो महुआ लहान जब्त किया गया था इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन मैं कमी आएगी

### इनका कहना है

सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बहनों ने मनाया हल्दी कंकू का प्रोग्राम किया

आष्टा। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलनशाखा आष्टा की बहनों ने मनाया धूमधाम से हिंदी दिवस और कंकू हल्दी का प्रोग्राम किया पूर्व अध्यक्षा



विजयलक्ष्मीगणेश उपाध्याय ने बताया कि नीलम सोनी जी द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया व सभी मातृ शक्तियों ने कई आगामी कार्यक्रम की चर्चा की और एक दूसरे को कुमकुम हल्दी लगाकर सुहाग की सामग्री वितरण की और तिल गुड़ के लड्डू और रंग बिरंगी पतंगे भी वितरण की जैसे की ? पतंग ऊंचाई को छुतीहै वैसे ही इंसान के जीवन में तरक्की समृद्धि हमेशा इसी तरह बनी रहे ऊंचाई को छुती रहे अध्यक्ष रानी सोनी ने भी सभी को बधाई दी नीलम सोनी ने हां ताबोला गेम भी खिलाएं व सेकंड प्राइस भी दिए कार्यक्रम में मौजूद सभी बहनों ने एक दूसरे को बधाइयां दी उमा राजीव गुप्ता पूर्व अध्यक्ष विजयलक्ष्मी उपाध्याय साहित्य प्रमुख सरोज खंडेलवाल कोषाध्यक्ष उषा तिवारी सह कोषाध्यक्ष शारदा सोनी उपाध्यक्ष दुर्गा तिवारी सहसचिव ज्योति सोनी बालविकास प्रमुख सुनीता ऐलजपुरिया नेत्रदान प्रमुख ममता वर्मा महिला सशक्तिकरण प्रमुख स्मिता मुंदड़ा पर्यावरण प्रमुखनेहा सोनी श्वेता मुदंडाआदि लोग मौजूद रहे अंत में विजय लक्ष्मी उपाध्याय ने सबका आभार व्यक्त किया।

## नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ परिषद का सम्मेलन

**नामांतरण होंगे ऑनलाईन, बनेगा ई-पुस्तकालय सहित अन्य नगर विकास के प्रस्ताव पर लगी मुहर**

आष्टा। नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना तथा पार्षदों की विशेष उपस्थिति में नगरपालिका के परिषद हाल में संपन्न हुआ। जिसमें परिषद ने नगर विकास के लगभग दो दर्जन बिंदुओं को सर्वसम्मति से पारित कर नगर के सर्वांगिण विकास में अपना सहयोग प्रदान किया।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद द्वारा सर्वसम्मति से नगर विकास का मेप पंजीयकृत वास्तुविद् से तैयार करवाए जाने पर अपनी मुहर लगाई, वहीं अन्नपूर्णा माता मंदिर के सामने प्रस्तावित स्थल पर दुकान निर्माण की प्राप्त निविदा दरों को स्वीकृत किया। पुराने भोपाल इंदौर मुख्य रोड़ फायर स्टेशन के समीप निर्मित नगरपालिका की दुकानों के ऊपर दुकान निर्माण, गीता भवन निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाने पर भी अपनी सहमति व्यक्त की। परिषद द्वारा नगर में स्थित क्षतिग्रस्त रोड़ों पर डामरीकरण कार्य, सीसी रोड़, सीसी रेनेवल कोट, पेबर्स ब्लॉक, नाला एवं नाली निर्माण कार्य शीघ्र करवाने पर विचार विमर्श कर स्वीकृत किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने यह भी बताया कि परिषद के सम्मेलन में नगर विकास के 21 प्रस्ताव रखें थे, जिनमें से सभी प्रस्तावों पर परिषद ने अपनी सर्वसहमति दी, एक प्रस्ताव जो माखन कुशवाह के बाड़े के पास स्थित शासकीय गोया की भूमि खसरा क्रमांक 359(5) रकबा 0.534 हेक्टेयर भूमि को शासन से आवंटित कराकर उक्त भूमि को अतिक्रमण से बचाने के उद्देश्य से सार्वजनिक व नगरवासियों के मनोरंजन की दृष्टि से पार्क का विकास कार्य कराया जाना था, उक्त प्रस्ताव को वोटिंग के माध्यम से पारित किया गया।

**अब ऑनलाईन होंगे नामांतरण** - सीएमओ राजेश सक्सेना ने यह भी बताया कि परिषद द्वारा नगर के नागरिकों को सुविधा हो इसके लिए नामांतरण प्रक्रिया को ई-नगरपालिका पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया। बगैर नामांतरण एवं भवन निर्माण अनुमति वाली संपत्तियों का सर्वे कराकर शासन के प्रचलित नियम अनुसार कम्पाउंडिंग के आधार पर अनुमति प्रदान करना, नगर के विभिन्न वार्डो में स्थित आवास कॉलोनी के संपत्तियों एवं भूखंडों पर शासन के प्रचलित नियमानुसार संपत्ति कर अधिरोपित को भी हरी झंडी



दिखाई है। वर्षो पुरानी समस्या का होगा स्थायी समाधान - बारिश के दौरान बुधवारा में जल भराव की गंभीर समस्या का निराकरण करने के लिए परिषद ने सर्वसम्मति से वार्ड क्रमांक 11, 12, 17 एवं 18 के मध्य आने वाले जलभराव क्षैत्र पर अंडरग्राउंड आरसीसी नाला निर्माण करवाने के लिए शासन से विशेष निधि की मांग करने संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया है। राशि प्राप्त होने पर उक्त स्थल पर अंडरग्राउंड नाला निर्मित होगा, जिससे नगर की वर्षो पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा।

पुरानी सब्जी मंडी दुकानों पर बनेगा ई-पुस्तकालय - परिषद के साधारण सम्मेलन में शिक्षा का ध्यान रखते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पुरानी सब्जी मंडी स्थित नपा की दुकानों के ऊपर ई-पुस्तकालय का निर्माण करने संबंधी महत्वपूर्ण प्रस्ताव को परिषद द्वारा पारित करवाया है।

## राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने ग्राम लमतरा में 20 लाख की लागत से बने मंगल भवन का

**भवन का निर्माण से ग्राम वासियों को सुविधा प्राप्त होगी**



दमोह ¬ प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जबेरा की ग्राम पंचायत गुबराकलां के ग्राम लमतरा में 20 लाख रुपये की लागत से बने मंगल भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम सहसना में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में सम्मिलित होकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाएं की विस्तृत जानकारी दी एवं क्षेत्रवासी की जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने ग्राम रामसलैया में 37.49 लाख की लागत से बनने जा रहे अटल ग्राम सुशासन भवन का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा भवन का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाएगा और इसके निर्माण से ग्राम वासियों को सुविधा प्राप्त होगी।

राज्यमंत्री लोधी ने ग्राम कोड़ाकला के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौड़ी मानगढ़ में साप्ताहिक हाट बाजार का शुभारंभ किया। जहां ग्राम के सरपंच के द्वारा स्वागत किया। इस दौरान सिंगौड़ी खुर्द में पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस दौरान रूपेश सेन, मंदीप यादव, संतोष अवस्थी, साहब पटेल, जय सिंह कडोपा, बंटी दुबे, मनोज राय, राजेश जैन, रानू नामदेव, अजय राय, गोलू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिध, क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

## पैरेंटल केयर गतिविधियों का क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय बैठक संपन्न

मंडला--सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट मंडला वंदना गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य आयुक्त मंडला डॉ. संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय खोत, कब कमिश्नर अखिलेश चन्द्रोल, जिला स्काउट प्रभारी दिनेश कुमार दुबे, उपाध्यक्ष कल्पना नागेश्वर, उपाध्यक्ष स्वल्पा बड़गैया,

जिला गाइड कमिश्नर रश्मि बाजपेई, उपाध्यक्ष उपेंद्र शुक्ला, विकासखंड स्काउट कमिश्नर रंजीत गुप्ता एवं अन्य जिला पदाधिकारीगण के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर्यावरण परिवर्तन अंतर्गत पैरेंटल केयर के गतिविधियों का क्रियान्वयन हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय भोपाल के पत्रानुसार जिला स्तरीय योजना एवं सामान्य बैठक का आयोजन रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला में किया गया। बैठक में मंडला जिले के 50 विद्यालयों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। मास्टर ट्रेनर के रूप में भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त करके आये हुए जिला कोऑर्डिनेटर (क्लेप) लोक सिंह पदम एवं यूनिट लीडर देव कुमार मरकाम ने कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न प्रकार के लघु फिल्म प्रदर्शन करते हुए अपनी बात रखी एवं इन लघु फिल्मों को अभिभावकों के साथ साझा करके अभिभावकों से निर्धारित प्रारूप में फीडबैक लेने को कहा। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट वंदना गुप्ता के द्वारा सभी प्रतिभागियों को पैरेंटल केयर से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला रंजीत गुप्ता के द्वारा स्काउट गाइड के कार्यक्रमों की सराहना की गई। जिला प्रशिक्षण आयुक्त मंडला के के सोनवानी के द्वारा %परवरिश के चैम्पियन% कैसे बने पर अपनी बात रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला वंदना गुप्ता एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला रंजीत गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतिभागियों के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। शिक्षक प्रवीण वर्मा के द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पैरेंटल केयर से संबंधित लघु फिल्म दिखाकर मौखिक फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम स्थल पर बेहतर व्यवस्था हेतु शासकीय रानी अवंती बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला के प्राचार्य जय लक्ष्मी सोनी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**बुन्देली भाषा को संविधान की आठवीं सूची में स्थान दिलाने का संकल्प**

## राष्ट्रीय बुंदेली सम्मेलन सम्पन्न



ओरछा, अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद भोपाल के तत्वाधान में बुन्देली भाषा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ऐतिहासिक सफ्लता के साथ तीर्थ ओरछा में अनेक भव्य कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। ओरछेष मधुकरषाह के संयोजन ,प्रतिष्ठित पद्म श्री कवि कैलाष मड़बैया की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र के खास अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, बुन्देलखण्ड विष्वविद्यालय के बुन्देली विभागाध्यक्ष मुन्नालालालतिवारी ,दूरदर्षन के डायरेक्टर जयंत श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर कवीन्द्र केषवदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। बुन्देलखण्ड का रज्यगीत' हमारी माटी बुन्देली'की प्रस्तुति के साथ सरस्वती वंदना कर नव वर्ष 2025 के बुन्देली केलंण्डर एवं हरदौल कृति लेखक अभिनन्दन गोइल का लोकार्पण हुआ। प्रदीप जैन आदित्य ने 'षान्तिदेवी पुरस्कार' प्रदान कर कहा कि बुन्देली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिये राजनीतिज्ञों को कृत संकल्पित वैसे ही होना पडेगा जैसे साहित्यकार बुन्देली को भाषा का स्वरुप देने के लिये जुटे हैं।निदेषक दूरदर्षन ने कहा कि वे बुन्देली के कार्यक्रमों को प्रमुखता देंगे। दितीय सत्र में 'बुंदेली भाषा भूषा भोजन व भजन' पर बुन्देली भाषा में आलेख ,बुन्देलखण्ड के हर जिले के प्रतिनिधि साहित्यकारों द्वारा पढ़े गये। इस सत्र के मुख्य अतिथि झाँसी के सांसद अनुराग शर्मा रहे जिन्होंने बुन्देली के लिये 8वीं सूची में स्थान दिलाने आदि के लिये कोई कसर नहीं उठाने का संकल्प लिया। राजा मधुकरषाह जू देव द्वारा प्रतिष्ठित 'बीरसिंह देव पुरस्कार' कैलाष मड़बैया को 'बेतवा' नदी पर प्रकाषित एक मात्र कृति के लिये प्रदत्त किया गया। रात्रि में बुन्देली का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कैलाष मड़बैया की अध्यक्षता व रामगोपाल रैकवार के संचालन में 41 श्रेष्ठ बुन्देली कवियों ने रात्रि के अन्तिम पहर तक काव्यपाठ किया।यकारों दूसरे दिन बुन्देली के मानकीकरण व ब्याकरण विषयों पर बुन्देली में निबंध 31 साहित्यकारों

द्वारा प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि दिल्ली के हेमराज धन व नेमि चन्द्र अमेरिका रहे। श्री हेमराज ने बुन्देली निबंधों को पुस्तकाकर प्रकाषित कराने के संकल्प किया। आठवें सत्र में बुन्देलखण्ड परिषद के प्रत्यक जिले के संयोजक ने अपनी रपट प्रस्तुत करते हुये जल्दी अपना जिला बुन्देली सम्मेलन करने और 25 जून को 'बुंदेलखण्ड दिवस' मनाने का संकल्प लिय। इस विदाई सत्र में राजा मधुकरषाह ने 51 साहित्यकारों को सम्मानित विदाई दी। आभार प्रदर्षन राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाष मड़बैया ने किया। बुन्देली सम्मेलन ऐतिहासिक सफ्लता के साथ सम्पन्न हुआ।

**मिशन स्कूल ग्राउंड में एसपीएल दौरान बढ़ता दर्शकों का रोमांच**

## फाइनल में जगह बनाने भिड़ेंगी वेटरन और ओपन की टीमें



सिवनी- सिवनी प्रीमियर लीग के अंतर्गत 10 जनवरी को टेनिस क्रिकेट के सुपर 8 के मुकाबले खेले गए। जिसमे वेटरन वर्ग और ओपन वर्ग के 4 क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए।

पहला क्वाटर फाइनल मैच सर्वोदय बॉयज व सिंघम 11 के मध्य खेला गया। सर्वोदय बॉयस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर पर अपने 8 विकेट गवांकर मात्र 78 रन ही बनाए। जवाब में सिंघम की तरफ से बल्लेबाजी करने आए गौरव ठाकुर ने 5.4 ओवर में ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके जिसमें 1 चौका और 11 छक्के कि मदद से 73 रन बनाकर अपनी टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश करा दिया। गौरव ठाकुर इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला एम सी जी व एमसीसी ब्लास्टर उड़ेपानी के मध्य खेला गया। जिसमें एम सीजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बोर्ड पर लगाई, वही एमसीसी ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा किया लेकिन एम सीजी की शानदार बॉलिंग और फील्डिंग के चलते मात्र 93 रन ही बना पायी और यह रोमांचक मैच एमजी क्लब ने जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच विनय शरनागत रहे । तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सिवनी बॉयज सिवनी नाइट राइडर क्लब के मध्य खेला गया। जिसे नाइट राइडर ने पहले बल्लेबाजी करते हु? 66 रन 8 ओवर में बनाया। जवाब में सिवनी बॉयज की ढाकड़ बल्लेबाज इमरान ढिल्लन ने 2 चौके और 6 छक्कों की 46 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। मदद से एक तरफा 4.5 ओवर में जीत दिला

## सोशल मिडिया से
### आज का चिंतन

**बातचीत - दो तरफा...**

बात करते समय कहने से ज्यादा
आवश्यक सुनना होता है। हर व्यक्ति
पहले अपनी बात रखना चाहता है।
यदि उसे ध्यानपूर्वक, गंभीरतापूर्वक
सुन लिया जाए तो ही उसे संतुष्टि
मिलती है और उसके बाद ही
वह आपको सुनने के लिए
पूरी तरह से तैयार होता है।
बेहतर स्थिति
यदि आप सामने वाले की बात को
पूरा सुनते हैं तो उसके बाद ही
आप अपनी बात को
उचित रूप से, सही ढंग से
रखने के लिए बेहतर स्थिति में होते हैं।
अपनी अपनी
यदि दोनों व्यक्ति केवल अपनी अपनी
ही बात करेंगे तो उस से समाधान
नहीं निकलता है। हमें पहले दूसरे
की बात को समझना और
दोहराना आवश्यक होता है। केवल
उसके बाद ही वह आपकी बात
को पूरी तरह सुनने और समझने
की मन:स्थिति में आता है।
क्या करें
बोलो कम सुनो ज्यादा
इसी सूत्र का पालन करके हम
स्वयं को प्रस्तुत करने में और
बातचीत की कला में
उत्तम प्रदर्शन कर सकते हैं।

संजय अग्रवाल - 9406717823
संपर्क संवाद सृजन
शनिवार 11 जनवरी 2025, नागपुर

# संगम पर 40 करोड़ श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी, सरकार को 2.5 लाख करोड़ रेवेन्यू मिलने का अनुमान



प्रयागराज/नई दिल्ली। महाकुंभ 2025 को लेकर उम्मीद जताई जा रही है देश-दुनिया से करीब 40 करोड़ लोग इसमें शामिल होने प्रयागराज पहुंचेंगे। सरकार ने 45 दिन के आयोजन में बुनियादी सुविधाओं पर भारी निवेश किया है। भारतीय उद्योग परिसंघ के मुताबिक महाकुंभ से सरकार का राजस्व दो से ढाई लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इससे पहले 2013 के महाकुंभ से सरकार को 12,000 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक महाकुंभ में उपभोक्ता चीजों का कारोबार 17,310 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। सिर्फ पूजा सामग्री की बिक्री 2,000 करोड़ और फूलों की बिक्री 800 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। पिछले कुंभ (2019) में करीब छह लाख लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार मिला था। इस साल यह आंकड़ा डेढ़ गुणा तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश टूरिज्म डिपार्टमेंट के मुताबिक अब तक 45,000 परिवारों को इस आयोजन से रोजगार मिल चुका है।

राज्य सरकार ने 2024-25 के बजट में महाकुंभ के लिए 2,500 करोड़ रुपए आवंटित किए थे, जबकि केंद्र सरकार ने 2,100 करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज दिया। राज्य और केंद्र सरकार अब तक 6,382 करोड़ रुपए अलॉट कर चुकी हैं। इनमें से 5,600 करोड़ रुपए इवेंट मैनेजमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च किए गए।

यह पहली बार है जब कुंभ में एक साइबर टीम तैनात की गई है। 14-सदस्यीय टीम को निगरानी और साइबर अपराध को सुलझाने का काम सौंपा गया है। पहली बार यूपी पुलिस ने नदी के तल पर गश्त करने के लिए उन्नत इमेजिंग क्षमताओं से लैस अंडरवाटर ड्रोन तैनात किए हैं। रिमोट-नियंत्रित लाइफबॉय के साथ ये ड्रोन 24/7 जलीय निगरानी की जा रही हैं। यह कमांड सेंटर को रियल टाइम का डेटा भेजते हैं। एआई निगरानी प्रणालियों के अलावा सरकार ने एआई-संचालित चैट-बॉट भी लॉन्च किया है, जो 11 से अधिक भाषाओं का समर्थन करता है। नेविगेशन में मदद करने के लिए गूगल मैप्स के साथ काम कर रहे हैं।

## सीएम डॉ यादव आज सेंधवा और निवाली में 2491 करोड़ की माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का करेंगे भूमि-पूजन, इंदौर भी जाएंगे



भोपाल - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सेंधवा और इंदौर प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज दोपहर 1.15 बजे सेंधवा जिला बड़वानी में सेंधवा और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का भूमि-पूजन करेंगे। दोनों परियोजनाए 2491 करोड़ की लागत से निर्मित होंगी। इसके साथ ही 58.463 करोड़ रुपये की लागत के 19 कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे।

बताया गया है कि सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 98 ग्रामों में लगभग 44148.50 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना से लगभग 53 हजार कृषक लाभान्वित होंगे।

1088.24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 87 ग्रामों में लगभग 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा होगी।

**सेंधवा के कार्यक्रम के बाद** सायं 4.25 मुख्यमंत्री इंदौर के ग्राम कलारिया में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सायं 5 बजे मां नर्मदा चौराहा रेती मंडी रोड़ पर मां नर्मदा जी की प्रतिमा का अनावरण और मां नर्मदा चौराहा सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करेंगे शाम 6 बजे मुख्यमंत्री इंदौर से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## पोको ने दिखाया अपना एक्स फैक्टर: अक्षय कुमार के साथ लॉन्च किये एक्स7 और एक्स7 प्रो

**भोपाल।** इनोवेशन की अपनी विरासत को जारी रखते हुए, भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते कंज्यूमर टेक ब्रैंड्स में से एक, पोको ने जयपुर में एक जबर्दस्त इवेंट में अपनी प्रमुख एक्स7 सीरीज़- पोको एक्स7 5जी और पोको एक्स7 प्रो 5जी का अनावरण किया। बेहतरीन डिस्प्ले, परफॉरमेंस में जबर्दस्त और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के लिए अत्याधुनिक एडवांसमेंट से लैस, एक्स7 सीरीज़ स्मार्टफोन की उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करती है और प्रीमियम सेगमेंट में पोको की लीडरशिप को मज़बूत करती है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी मौजूदगी से इस लॉन्च को और भी बेहतरीन बनाया। अक्षय कुमार को पोको इंडिया के चेहरे के रूप में पेश किया गया, जो ब्रैंड के बोल्ड और निडर पहचान के प्रतीक हैं। यह एक्सीड योर लिमिट्स (अपनी सीमाओं को पार करें) के पोको ब्रांड के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। इस मौके पर पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने कहा, पोको में, हम जो भी निर्णय लेते हैं, उसमें इनोवेशन की अहम भूमिका होती है।

## रामराज कॉटन के इनरवियर सेगमेंट ने उत्तर भारत के बाजारों में अपना दायरा बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी।** पारंपरिक और एथनिक वियर के लिये भारत के प्रमुख ब्रैंड, रामराज कॉटन ने उत्तर भारत के बाजारों में अपनी लोकप्रिय इनरवियर रेंज के विस्तार की घोषणा की है। इस रेंज में वेस्ट, ब्रीफ्स, ट्रंक्स और बॉक्सर्स आते हैं।यह ब्रैंड हर उम्र के लड़कों तथा पुरुषों के लिये अच्छी गुणवत्ता के वेस्ट, ब्रीफ्स, ट्रंक्स और बॉक्सर्स के लिये जाना जाता है। ब्रैंड ने दक्षिण भारत में खुद को लीडर के तौर पर स्थापित कर लिया है और अब यह उत्तर भारत में प्रीमियम इनरवियर की बढ़ रही मांग को पूरा करते हुए यह सफलता दोहराना चाहता है। प्रबंध निदेशक बी. आर. अरुण ईश्वर ने कहा, ''रामराज इनरवियर ऐसे प्रोडक्ट्स बनाना चाहता है जोबहुत आरामदायक हों, लंबे समय तक चलें और साथ ही वे सस्ते भी हों जिससे आम लोग भी इन्हें आसानी से खरीद सकें।आमतौर पर इनरवियर्स या तो बहुत महंगी होते हैं या बहुत सस्ते। लेकिन रामराज दोनों के बीच का एक अच्छा विकल्प देता है।

### ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशन्स लि. ने डिस्कवरी ओक्स पब्लिक स्कूल से अपने एआईओटी उत्पाद के लिए आर्डर प्राप्त किया

मुंबई, एजेंसी। ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशन्स लिमिटेड (बीएसई-539607), अत्याधुनिक एआईओटी समाधान प्रदाता, गर्व के साथ घोषणा करता है कि कंपनी को हैदराबाद के डिस्कवरी ओक्स पब्लिक स्कूल से अपने एआईओटी उत्पादों एडुजिनी और इमोटीफिक्स के कार्यान्वयन के लिए आर्डर प्राप्त हुआ है। यह मील का पत्थर प्रोजेक्ट एआई सक्षम एडुटेक उत्पाद एडुजिनी और इमोटिफिक्स की स्थापना से संबंधित है, जिसका आर्डर मूल्य 105.00 लाख है, यह उपलब्धि अभिनव और परिवर्तनकारी समाधानों की आपूर्ति में बीसीएस की विशेषज्ञता को दर्शाती है। एडुजिनी एक एआई सक्षम लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम है जो व्यक्तिगत शैक्षिक अनुभव प्रदान करने और शिक्षकों और छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस मंच पर असीमित वीडियो पाठ्यक्रम, लाइव कक्षाएं, टेक्स्ट पाठ्यक्रम और प्रोजेक्ट उपलब्ध हैं, जो एक समृद्ध और विविध शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है। एडुजिनी के एआई-चालित शिक्षण मार्ग व्यक्तिगत सीखने की शैलियों और आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित होते हैं, जो समझ और धारण क्षमता को बढ़ाते हैं।

## शुद्ध हवा देने के मिशन के साथ अर्थ के संस्थापकों ने शार्क टैंक इंडिया 4 में प्रस्तुत किया अपना अनोखा उत्पाद

नईदिल्ली, एजेंसी। अर्थ एक ऐसा अनोखा उत्पाद है, जो सामान्य एसी को एयर प्यूरीफायर्स में बदल देता है। इसके फाउंडर्स ने हाल ही में शार्क टैंक इंडिया 4 में कदम रखा और वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान करने वाले इस अभिनव सॉल्यूशन को प्रदर्शित किया। आईआईटी बॉम्बे में एयरोसोल इंजीनियरिंग के एक्सपर्ट रवि कौशिक और अभिमन्यु कुमार, जिन्होंने अपनी मां को अस्थमा से जूझते देखा है, ने अनोखे उत्पाद का निर्माण किया है। इस तरह के उत्पाद की फिलहाल बाजार में बहुत ज्यादा जरूरत है। अर्थ के को-फाउंडर रवि कौशिक ने कहा, शार्क टैंक इंडिया में आना एक अतुलनीय अनुभव था। मेरा मानना है कि शुद्ध हवा एक मौलिक अधिकार है और हमारा डिवाइस लोगों के जीवन को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित कर सकता है।

## क्या देहरादून का स्टार्टअप कीवी किसान विंडो जीत पाएगा शार्क्स का दिल

नईदिल्ली, एजेंसी। सेहतमंद खान-पान के लिये मांग लगातार बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा लोग पौष्टिक तथा ऑर्गेनिक फूड के विकल्प की तलाश कर रहे हैं, जो स्वस्थ जीवनशैली से मेल खाते हों। इस ट्रेंड को देखते हुए, वह ब्रैंड बड़ा असर डाल रहे हैं, जो अधिक सेहतमंद विकल्पों को प्राथमिकता देते हैं और स्थानीय खेती को सहयोग प्रदान करते हैं। ऐसा ही एक ब्रैंड है कीवी किसान विंडो, जो पोषकतत्वों से भरपूर उत्पादों की पेशकश के लिये समर्पित है और खेती की संवहनीय पद्धतियों को बढ़ावा देना चाहता है।

## लाखों खर्च के बाद भी मार्ग की खस्ता हाल देख विधायक नाराज़, अधिकारियों की ली क्लास



खंडवा। खंडवा मूंदी मार्ग की दुर्दशा को लेकर लोगों में काफी आक्रोश पनप रहा है। इस मार्ग पर सफर करना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। विभाग कार्य करने का दावा भी कर रहा हे लेकिन सड़क के गड्ढे तक नहीं भर पाया।

लोगों की शिकायत मिलने पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को तत्काल बुलाकर रोड का निरीक्षण किया, जहाँ सड़क पर मरम्मत कार्य नहीं दिखाई देने पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को लताड़ लगाई। अधिकारियों ने बताया कि 40 लाख का मरम्मत कार्य किया जा चुका है। बाकी सुधार कार्य भी शीघ्र किया जाएगा।

हालांकि इस कार्य के लिए 70 लाख रुपए स्वीकृति मिली थी जिसके पेंच वर्क कार्य करना था लेकिन सड़क की स्थिति ज्यादा ही खराब हो गई है। इसमें 40लाख के किए कार्य भी नजर नहीं आ रहे, आए दिन इस मार्ग पर घटना दुर्घटना हो रही हे जबकि खंडवा मूंदी मार्ग की स्वीकृति हो चुकी है। लेकिन टेंडर नहीं हो पाए जिसके चलते विभाग को इस प्रक्रिया तक पेंच वर्क करना पड़ रहा है। हालांकि कुछ दिन पूर्व ही भोपाल प्रवास के दौरान खंडवा विधायक कंचन तनावे ने खंडवा मूंदी रोड़ के टेंडर व कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में मुख्यमंत्री से भेंट की थी।

## एमआईसी से जीतू यादव ने दिया त्याग पत्र, पार्टी की सदयस्ता भी गई



इंदौर में भाजपा पार्षद जीतू यादव और कमलेश कालरा के बीच हुए विवाद ने राजनीति में तूल पकड़ लिया है, जिसके कारण प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी इस मामले पर जानकारी मांगी है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, जीतू यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को एक इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे में उन्होंने लिखा, ÷मैं भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता हूं और मेरे परिवार व जाटव समाज का पार्टी से गहरा रिश्ता है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ दिन पहले पार्टी के एक साथी पार्षद के परिजनों के साथ घटित दुखद घटना में उनका नाम घसीटकर पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस मामले में अपनी पूरी स्थिति को शहर अध्यक्ष के सामने रखा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

## Gautam Adani Likely To Visit Chhattisgarh On A Two-Day Tour Starting January 12



Raipur, Gautam Adani, the chairman of the Adani Group, will be visiting Chhattisgarh on a two-day trip starting January 12.

During the visit, he will inspect the Adani Group's recently acquired Lanco Power Plant in Korba and also review the GMR Plant in Khurora, near Raipur.

Adani is scheduled to arrive in Chhattisgarh via his chartered plane on Sunday and head directly to Korba. There, he will inspect the Lanco Power Plant, which was acquired by the Adani Group, and hold discussions with his senior officers.

He will spend the night in Korba and will then travel to Raipur on Monday, January 13. In Raipur, Adani will visit the GMR Plant near Khurora for an inspection.

According to company sources, there are no scheduled meetings with government officials or members during his visit to Raipur.

In case of any changes to Gautam Adani's itinerary, his son Karan Adani will visit in his place. However, sources indicate that there is a 90% probability that Gautam Adani will be making the trip himself. This marks Gautam Adani's first visit to Chhattisgarh since the acquisition of both the Lanco and GMR power plants in the state.

### मिशन स्कूल ग्राउंड में एसपीएल दौरान बढ़ता दर्शकों का रोमांच

## फाइनल में जगह बनाने भिड़ेंगी वेटरन और ओपन की टीमें



सिवनी- सिवनी प्रीमियर लीग के अंतर्गत 10 जनवरी को टेनिस क्रिकेट के सुपर 8 के मुकाबले खेले गए। जिसमे वेटरन वर्ग और ओपन वर्ग के 4 क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए।

पहला क्वाटर फाइनल मैच सर्वोदय बॉयज व सिंघम 11 के मध्य खेला गया। सर्वोदय बॉयस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर पर अपने 8 विकेट गवांकर मात्र 78 रन ही बनाए। जवाब में सिंघम की तरफ से बल्लेबाजी करने आए गौरव ठाकुर ने 5.4 ओवर में ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके जिसमें 1 चौका और 11 छक्के कि मदद से 73 रन बनाकर अपनी टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश करा दिया। गौरव ठाकुर इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला एम सी जी व एमसीसी ब्लास्टर उड़ेपानी के मध्य खेला गया। जिसमें एम सीजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बोर्ड पर लगाई, वही एमसीसी ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा किया लेकिन एम सीजी की शानदार बॉलिंग और फील्डिंग के चलते मात्र 93 रन ही बना पायी और यह रोमांचक मैच एमजी क्लब ने जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच विनय शरनागत रहे। तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सिवनी बॉयज सिवनी नाइट राइडर क्लब के मध्य खेला गया। जिसे नाइट राइडर ने पहले बल्लेबाजी करते हु? 66 रन 8 ओवर में बनाया। जवाब में सिवनी बॉयज की ढाकड़ बल्लेबाज इमरान ढिल्लन ने 2 चौके और 6 छक्कों की 46 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। मदद से एक तरफा 4.5 ओवर में जीत दिला दी। चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला जैस 11 व जी एस सी क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें जेस 11 की तरफ से सुनील सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हु? 3 चौके और 6 छक्कों की मदद से 54 रन का योगदान दिया और टीम को 121 रन के विशाल लक्ष्य पर खड़ा किया।

वहीं जीएस सी टीम इस लक्ष्य को प्राप्त करने में असमर्थ रही। जीएससी की तरफ से बल्ले बाजी कुछ खास नही रही 8 ओवर मे मात्र 80 रन ही बना पायी और यह मैच जैस 11 ने जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, इस मैच के मैं ऑफ मैच कृष्णा नाविक रहे, जिन्होंने 2 ओवरों पर शानदार 4 विकेट लिए।

ओपन वर्ग के अन्तर्गत दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला रहमान खारी 11 बींझावाड़ा के मध्य हुआ। जिसमें रहमान 11 खारी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 97 रन जोड़े वहीं, बींझावाड़ा की तरफ से अंचित ठाकुर ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अकेले 1 छोर से 78 रन 3 चौके 11 छक्कों की मदद से मात्र 4.4 ओवर पर ही इस मैच को ख़तम कर दिया और टीम को सेमी फाइनल में पहुंचाया इस मैच के मेन ऑफ़ द मैच अंचित ठाकुर रहे।

ओपन वर्ग का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला बंडोल फाइटर व फ्रेंड्स क्लब की मध्य खेला गया। जिसमें बंडोल फाइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 154 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब फ्रेंड्स क्लब के बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और यह मैच बंडोल फाइटर ने जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## मोदी सरकार: केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी किए 1.73 लाख करोड़ रुपए, यूपी को सबसे अधिक




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कर हस्तांतरण के तहत राज्यों को 1,73,030 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। यह दिसंबर 2024 में वितरित 89,086 करोड़ रुपए की तुलना में काफी अधिक है। केंद्र सरकार का उद्देश्य इस बढ़ी हुई राशि से राज्यों को उनके पूंजीगत खर्च बढ़ाने और विकास व कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में मदद करना है। उत्तर प्रदेश को इस वितरण में सबसे अधिक 31,039.84 करोड़ मिले हैं जबकि बिहार को 17,403.36 करोड़ और पश्चिम बंगाल को 13,017.06 करोड़ आवंटित हुआ। महाराष्ट्र और राजस्थान को क्रमशः 10,930.31 करोड़ और 10,426.78 करोड़ रुपए मिले। वहीं, छोटे राज्य छत्तीसगढ़ को 5895.13 करोड़ तथा गोवा और सिक्किम को 667.91 करोड़ और 671.35 करोड़ रुपए का आवंटित किया गया।

वित्त आयोग ने 2021 से 2026 की अवधि के लिए राज्यों का केंद्रीय टैक्स में हिस्सा 41 प्रतिशत तय किया है जो 2020-21 के अनुपात के समान है। हालांकि, यह हिस्सा 14वें वित्त आयोग के 2015-2020 के लिए निर्धारित 42 प्रतिशत से थोड़ा कम है। यह कमी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के कारण हुई है। बता दें कि कर हस्तांतरण एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसके तहत केंद्र सरकार टैक्स राजस्व का हिस्सा राज्यों को वितरित करती है। यह प्रक्रिया वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित होती है जो सुनिश्चित करता है कि टैक्स का वितरण निष्पक्ष और संतुलित हो।

# 51 साल के हुए ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन, कहो न प्यार है से इंडस्ट्री में रखा था कदम, आज है हजारो करोड़ के मालिक

### दुनिया के तीसरे सबसे सेक्सिएस्ट मैन ऋतिक रोशन



मुंबई। दुनिया के तीसरे सबसे सेक्सिएस्ट मैन और ग्रीक गॉड कहे जाने वाले बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन आज 51 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन पर फैन्स ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं, और बॉलीवुड के कई सितारों ने भी सोशल मीडिया पर ऋतिक के साथ तस्वीरें शेयर कर उन्हें खास दिन की बधाई दी है। वहीं, इस मौके पर हम उनकी शानदार यात्रा को भी याद करते हैं, जिसमें उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल का लंबा सफर तय किया है।

बॉलीवुड में शानदार शुरुआत

ऋतिक रोशन ने 2000 में रिलीज हुई फिल्म ÷कहो न प्यार है÷ से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म से ही उन्होंने बॉलीवुड में धूम मचा दी थी। पहली ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट होने का तगड़ा रिकॉर्ड बना लिया था। इसके बाद ऋतिक ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपनी अदाकारी और आकर्षण लुक्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। अब तक उन्होंने अपने करियर में 42 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, जिनमें से कई फिल्में सुपरहिट रही हैं।

ऋतिक रोशन, जो कि मशहूर एक्टर और प्रोड्यूसर राकेश रोशन के बेटे हैं, भारत के सबसे अमीर स्टार किड माने जाते हैं। वह एक रॉयल लाइफस्टाइल जीते हैं, और उनकी कुल संपत्ति लगभग 3100 करोड़ रुपये के आसपास बताई जाती है। यह संपत्ति उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनके बिजनेस इन्वेस्टमेंट्स और ब्रांड वेंचर्स से भी आती है। ऋतिक एक फिल्म के लिए लगभग 85 करोड़ रुपये चार्ज करते है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक ने 2024 में 28 करोड़ रुपये का टैक्स भरा था, जो उनकी सफलता और अमीरी की मिसाल है। वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक को आखिरी बार 2024 में फिल्म 'फाइटर' में देखा गया था, जिसमें उनकी जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ थी। 2025 में उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' रिलीज होने वाली है, जो कि दर्शकों के बीच बहुत उत्सुकता का कारण बानी हुई है।

बॉलीवुड और हॉलीवुड के बड़े प्रोजेक्ट्स ठुकराए

ऋतिक रोशन ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई बड़े फिल्म प्रोजेक्ट्स ठुकराए हैं। साउथ सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर एस.एस. राजमौली के निर्देशन में तैयार हुई फिल्म 'बाहुबली- द बिगिनिंग' को प्रोड्यूसर करण जौहर ने तैयार किया था। इस फिल्म में प्रभास से पहले ऋतिक को ऑफर मिला था, लेकिन उस वक्त वह किसी अन्य प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे, जिसके चलते यह मास-ब्लॉकबस्टर फिल्म उनके हाथ से निकल गई। इसके अलावा, उन्होंने फास्ट एंड फ्यूरियस 7 (2015), रंग दे बसंती (2006), स्वदेश (2004), दिल चाहता है (2001), लगान (2001) जैसी फिल्मों को भी ठुकराया था, जो बाद में बड़ी हिट साबित हुईं।

### तलाक और निजी जीवन

ऋतिक रोशन का निजी जीवन भी हमेशा सुर्खियों में रहा है। ऋतिक रोशन और सुजैन खान की लव स्टोरी एक तरह से लव एट फर्स्ट साइट थी। एक पार्टी में सुजैन को देखने के बाद ऋतिक उनका दिल हार बैठे थे। दोनों की दोस्ती हुई, और सुजैन उन्हें डेट पर ले जाती थीं। बताया जाता है की डेट पर जाने लिए लिए उस समय ऋतिक के पास पैसे नहीं हुआ करते थे। फिर ऋतिक की फिल्म %कहो ना प्यार है% ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया, और 20 दिसंबर 2000 को दोनों ने शादी कर ली। इनके दो बेटे हैं। 2014 में उनकी शादी सुजैन खान से टूट गई थी। कहा जाता है कि यह तलाक देश के सबसे महंगे तलाकों में से एक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुजैन खान ने 400 करोड़ रुपये की एलिमनी की मांग की थी, लेकिन मामला 380 करोड़ रुपये में सुलझा था। हालांकि, ऋतिक ने बाद में इन खबरों का खंडन किया था। ऋतिक और सुजैन के दो बेटे हैं - रेहान और हिरदान। तलाक के बाद भी दोनों एक अच्छे दोस्त बने हुए हैं और अक्सर एक साथ वक्त बिताते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋतिक इन दिनों सबा आजाद को डेट कर रहे हैं।

## डीडीसी में युवाओं हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण 15 जनवरी से

**छिन्दवाड़ा।** उच्च शिक्षा विभाग में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिन्दवाड़ा ने स्नातकोत्तर अध्ययनरत या उत्तीर्ण युवाओं के लिए U.G.C.-NET/JRF, SET एवं CSIR-NET/JRF परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क मार्गदर्शन देने का आयोजन किया है जिसमें इच्छुक अन्य महाविद्यालय के या स्वाध्यायी युवा भी इतिहास, राजनीति विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं वाणिज्य विषय में सुनियोजित रणनीति, किताबों एवं विशिष्ट अध्ययन सामग्री से युक्त अनुभवी विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। यह आयोजन दिनांक 15 जनवरी 2025 से आरंभ होगा। युवा इस अवसर का पूर्ण लाभ लेने एवं विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय की बेवसाइट danielson college.com पर Special Annoucement मेन्यू का या महाविद्यालय के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

## लॉ के विद्यार्थियों ने जाना न्यायालयीन प्रक्रिया में साक्ष्य का महत्व



छिंदवाड़ा। शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में दिनांक 10/01/2025 शुक्रवार को प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानन्द मार्गदर्शन एवं आई क्यू ए सी के तत्वाधान में साक्ष्य विधि पर व्याखान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री रितेश विश्वकर्मा सहायक प्राध्यापक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस एवं भूतपूर्व सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी को आमंत्रित किया गया। विश्वकर्मा सर ने बहुत ही सरल तरीके से साक्ष्य विधि की बारीकियो एवं न्यायालय की प्रक्रिया से अवगत कराया साथ ही क्लासरूम को कोर्ट रूम में व्याख्यान के माध्यम से बदल दिया गया विद्यार्थियों ने भी काफ़ी उत्सुकता दिखाई और अंत में प्रश्नोतरी के माध्यम फ़ीडबैक प्राप्त किए गए। डॉ दमयंती कटरे स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन योजना महाविधालयीन प्रभारी ने बताया कि साक्ष्य विधि प्रक्रिया विधि का बहुत ही महत्वपूर्ण भाग है और यह अधिवक्ता कौशल के लिए बहुत उपयोगी है साथ ही अन्य प्रतीतोगी परीक्षाओं जैसे एडीपीओ, सिविल जज, महिला बाल विकास अधिकारी, विधि अधिकारी अन्य परीक्षाओं के लिए उपयोगी है व्याख्यान कों विद्यार्थियों ने बहुत ध्यान पूर्वक सुना और समझा। व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ़ उपस्थित रहे।

## 12 को कन्हैया के भजनों का लाभ उठाने की अपील

छिंदवाड़ा। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को रात्रि 8 बजे से विश्व प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल जी भजन की प्रस्तुति देंगे कन्हैया मित्तल जी का कार्यक्रम सांसद कार्यालय के सामने परासिया रोड स्थित मैदान में आयोजित किया गया है। सांसद ने कन्हैया मित्तल जी के आगमन पर उनकी आवाज और भजन की तारीफ करते हुए कहा कि जिनकी आवाज से पूरे देश और सनातन धार्मियों को विभूत किया जो राम को लाए हैं इस भजन को लोकप्रिय बनाकर आम जनता तक पहुंचने वाले सुप्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल का12जनवरी को आगमन हो रहा है सांसद ने छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुष्प वर्षा,इत्र वर्षा और बाबा श्याम का दरबार लगेगा, कार्यक्रम में पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है साथ ही महिलाओं के बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है। 12 जनवरी को होने वाले कन्हैया मित्तल जी के कार्यक्रम को लेकर सांसद ने आयोजन स्थल का भी निरीक्षण किया।

## सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ करेंगे, विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे

छिंदवाड़ा। सांसद विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगे सांसद 10.15 बजे खजरी रोड छिंदवाड़ा में एम एम यू यूनिट बस को हरी झंडी दिखाएंगे, सांसद दोपहर 10.30 बजे नई सब्जी मंडी छिंदवाड़ा में कौशल विकास केंद्र में प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे, वहीं दोपहर 12.30 बजे सौसर बस स्टैंड के पास गुरुदेव सेवा आश्रम में संत तुकडोजी महाराज की पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाग लेंगे, दोपहर 2.30 बजे से 4ः00 बजे तक स्टेडियम ग्राउंड छिंदवाड़ा में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ करेंगे, शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक में भाग लेंगे, शाम 4.30बजे राजपूत समाज का भवन पूजा लॉन के पास वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, शाम 5 बजे झंडा रोड कुकड़ा जगत छिंदवाड़ा में ड्रीम इंडिया स्कूल वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे,

## कांग्रेस नेताओं में पद पाने की लगी होड़

**सौसर।** पांढुरना जिला बनने के बाद भाजपा कांग्रेस के संगठन में फ़ेरबदल का दौर हर कोई नेता कार्यकर्ता पद पाने की होड़ में लगे हुए है वही कांग्रेस से सौसर ब्लॉक एनएसयूआई अध्यक्ष पद के लिए पंकज पिता बंसोड़ ग्राम कुड्डम को योग्य करार देकर पदासीन करने की मांग ब्लॉक एनएसयूआई कार्यकर्ता कर रहे है एक भेट में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पंकज कांग्रेस पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता है 10 से 12 साल से पार्टी का काम कर रहा है वर्तमान में ग्राम कुड़दम में एनएसयूआई के अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहा है कॉलेज का छात्र संगठन का अध्यक्ष रहा है पूर्व ब्लॉक एनएसयूआई सौसर का उपाध्यक्ष रहा है नियमित रूप से पार्टी काम सक्रिय रूप से करते हुये पार्टी से निष्ठा से जुड़ा है इसलिए सौसर ब्लॉक एनएसयूआई अध्यक्ष पद के लिए पंकज को कांग्रेस हाईकमान से कार्यकर्ताओं ने मांग की है ताकि संगठन को मजबूती देकर पार्टी गतिविधियों को चलाया जा सके।

## श्रीअन्न फूड फेस्टिवल पोला ग्राउण्ड में 14-15 जनवरी को

छिन्दवाड़ा। जिले में जिला स्तरीय श्री अन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का आयोजन 14 और 15 जनवरी 2025 को पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में आयोजित किया जाएगा। इस फेस्टिवल का उद्देश्य कोदो, कुटकी, सवां, ज्वार, बाजरा और रागी जैसी मिलेट्स फसलों और उनके उत्पादों को बढ़ावा देना है। साथ ही इन फसलों की ब्रांड वैल्यू स्थापित करने, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ किसानों, युवाओं, उद्यमियों, एफपीओ और उपभोक्ताओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# अमरवाड़ा पुलिस ने किया अंधे हत्याकांड का खुलासा

## फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



अमरवाड़ा। कस्बा अमरवाड़ा नरसिंहपुर रोड स्थित प्रिया लॉज के कमरा नंबर 103 पर एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध मृत अवस्था में पाया गया जिसकी पहचान ओमप्रकाश इनवाती निवासी खमरा राजाराम थाना अमरवाड़ा ने अपनी पत्नि संतकुमारी इनवाती निवासी खमरा राजाराम के रूप में किया जो सूचनाकर्ता ओमप्रकाश पिता जयपाल इनवाती उम्र 40 साल निवासी खमरा राजाराम थाना अमरवाड़ा की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मृतिका के शव की पंचायतनामा कार्यवाही की गई। मृतिका के शरीर में चोटे होने से छिंदवाड़ा से एफ.एस.एल. टीम तथा फिंगर प्रिंट टीम भी मौके पर बुलवाई गई। मृतिका संतकुमारी इनवाती का शव संदिग्ध अवस्था में पाये जाने, मृतिका की नाक, मुंह से खून निकला था तथा गले में भी चोट जैसे निशान पाये गये जो प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतिका की हत्या करना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 21/2025 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 का कायम किया जाकर अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह द्वारा मृतिका की मृत्यु के सबंध में सघन जांच कर उक्त अंधे हत्याकांड का खुलासा करने के लिये निर्देशित किया गया।

### विवेचना के दौरान की गई कार्यवाही

प्राप्त निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाडा रवीन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा सायबर सेल छिंदवाड़ा के माध्यम से लगातार साक्ष्य एकत्रित किये गये।

विवेचना दौरान अंधे हत्याकांड के सबंध में सूक्ष्मता से कार्यवाही कर घटना की कड़ी से कड़ी जोड़कर साक्ष्य एकत्रित किये गये। थाना अमरवाड़ा की पुलिस टीम ने विवेचना पर पाया कि आरोपी हरीश पिता सुरेशचंद्र चौधरी उम्र 33 साल निवासी ग्राम बेहजम थाना नीमगांव जिला लखीमपुर खीरी उ.प्र. का करीब तीन साल पहले मजदूरी करने छिंदवाड़ा आया था करीब दो वर्ष पूर्व खमरा रोड अमरवाड़ा में वेयर हाऊस के निर्माण कार्य में मजदूरी से काम करने आया था उसी समय आरोपी की मुलाकात ग्राम खमरा राजाराम निवासी संतकुमारी इनवाती से हुई थी जो वहीं वेयरहाऊस में मजदूरी से काम करने आती थी उसके पश्चात दोनों की मोबाईल फोन से लगातार बातें होने लगी, उसके बाद से आरोपी मृतिका संतकुमारी इनवाती को अपने साथ खाना खिलाने के लिये प्रिया रेस्टारेंट अमरवाड़ा में लेकर जाता था और वहां पर सभी को अपनी पत्नि होना बताता था तथा कमरा लेकर रात्रि में रूकता था इसी कारण रेस्टारेंट मालिक तथा वहां काम करने वाले मजदूरों से आरोपी की पहचान हो गई थी। वेयर हाऊस का काम पूरा होने के बाद आरोपी कस्बा चांद के पास स्थित ग्राम हरनाखेड़ी में स्थित शुगर मिल में काम करने चला गया था इसी दौरान आरोपी लगातार मृतिका से मोबाईल फोन के माध्यम से बात करता था और बीच-बीच में उससे मिलने अमरवाड़ा आया करता था। दिनांक 05/01/25 को आरोपी मृतिका संतकुमारी के कहने पर उससे मिलने अमरवाड़ा आया और बस स्टैण्ड अमरवाड़ा से दोनों प्रिया रेंस्टारेंट गये जहां पर किराये से एक कमरा (रूम नं. 103) लेकर दोनों रूके, जहां संतकुमारी आरोपी से कहने लगी कि मुझे तुम्हारे साथ रख लो, मैं तुम्हारे साथ रंहूगी, मुझे यहां नहीं रहना है, फिर आरोपी ने मृतिका संतकुमारी के साथ शारीरिक सबंध बनाया उसके बाद संतकुमारी को समझाने लगा कि मैं तुम्हे अपने साथ नही रख सकता मेरे भी बीबी बच्चे है तब संतकुमारी ने आरोपी की बात नही मानी और उसके साथ रहने की जिद कर विवाद करने लगी तब गुस्से में आकर आरोपी ने संतकुमारी के स्कार्फ से उसका गला घोंटकर मार डाला तथा सुबह मौका देखकर कमरे का दरवाजा में बाहर से ताला लगा कर चाबी अपने साथ में लेकर बस से चांद चला गया तथा दूसरे दिन सुबह अपने घर लखीमपुर यु.पी.जाने के निकल गया। जिसे पुलिस द्वारा आमला जिला बैतूल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी हरीश चौधरी से पूछताछ पर आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया है। आरोपी से मृतिका का मोबाईल फोन एवं जेवरात जप्त किये गये।गिरफ्तार आरोपी- 1.हरीश पिता सुरेशचंद्र चौधरी उम्र 33 साल निवासी ग्राम बेहजम थाना नीमगांव जिला लखीमपुर खीरी उ.प्र. हाल निवास सुगर मिल ग्राम हरनाखेड़ी थाना चांदअपराध क्रमांक एवं धाराः अपराध क्रमांक 21/2025 धारा-103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 हेतु प्रभावी कानून बनाने की मांग की है।

सांसद खेल महोत्सव 12 से 15 तक....

## ओलम्पिक स्टेडियम की गैलरी की पुताई तो करवा लेते ?



छिंदवाड़ा। सांसद खेल महोत्सव 12 से 19 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। स्टेडियम की पुताई न होने से उसकी गैलरी बैठने लायक नहीं है। स्टेडियम का रखरखाव ओलम्पिक संघ द्वारा किया जाता है, खेल महोत्सव के पहले उसकी पुताई हो जाना था। स्टेडियम की गैलरी के नीचे दुकानें है ऐसोसिएशन चाहता तो दुकानदारों से अपनी दुकान के पीछे की गैलरी पुताई करवा सकता है, दुकानदारों का पानी गैलरी में आता है। दुकान के पीछे पुताई करवाते तो स्टेडियम अच्छा दिखता।

## खेत से पाइप एवं नोजल चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**छिंदवाड़ा** (प्रार्थी ओमकार पिता ईश्वर ठाकुर उम्र 35 साल निवासी बिछुआ थाना चौरई ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 23/05/24 के रात्रि 10.00 बजे से 24/05/24 के सुबह 07.00 बजे के मध्य खेत में लगे पानी के पाईप प्लास्टिक के कुल 65 नग कीमती 19500 रूपये के किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिये है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अप.क्र.494/24 धारा 379 ता.हि. का प्रकरण पंजीबध्द किया गया। इसी प्रकार दूसरी घटना प्रार्थी मनोहर पिता मक्खूलाल माहोरे उम्र 35 साल निवासी धमनिया थाना चांद ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 24/12/24 के रात्रि 10.00 बजे से 25/12/24 के सुबह 08.00 बजे के मध्य ग्राम बांकानागनपुर के खेत में लगे 140 नगद प्लास्टिक के पाईप कीमती 60000 रूपये के किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिये है कि रिपोर्ट पर अप.क्र. 28/25 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द किया गया। वहीं तीसरी घटना 09/01/25 को प्रार्थी विनोद पिता भगवत प्रसाद सनोडिया उम्र 39 साल निवासी मढई ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 05/12/24 के रात्रि 21.00 बजे से सुबह 06.00 बजे के मध्य ग्राम मढई के खेत में लगे 78 नग प्लास्टिक के पाईप एवं 12 नोजल कीमती 50000 रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिये है कि रिपोर्ट पर अप.क्र. 29/25 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द किया गया।मुखबिर तंत्र से आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश दिये गये है इसी क्रम अनुविभागीय अधिकारी सौरव तिवारी के कुशल मार्गदर्शन मे निरीक्षक गनपत सिंह उईके थाना प्रभारी चौरई के द्वारा एक पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी संसाधनो सीसीटीव्ही फुटेज, मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदेह के आधार पर आरोपी राकेश चंद्रवंशी निवासी पिपरिया फतेपुर एवं शिवासिंग परिहार निवासी बिछुआ से सघन रूप से पूछताछ कर प्रकरण में चोरी गये मशरूका के संबंध में पूछताछ की गयी जिन्होने जुर्म स्वीकार किये और बताये कि राकेश चंद्रवंशी जिसकी बुलेरो वाहन से, साथी शिवा सिंग परिहार, एवं एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना दिनांक को ग्राम बिछुआ, ग्राम मढई, ग्राम बांकानागनपुर के खेत से कुल 383 नग प्लास्टिक के पाईप एवं 24 नोजल चोरी किये है। आरोपी राकेश चंद्रवंशी, शिवा सिंग परिहार से चोरी गये पाईप कुल 383 नग, 24 नोजल बरामद किये गये है। एक अन्य आरोपी फरार है। आरोपियो के विरूध्द अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार किया गया है

## प्रदेश में टॉप 3 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में नगर निगम छिंदवाड़ा

**नगर पालिका डोंगर परासिया और नगर परिषद बड़कुही व न्यूटन चिखली ने भी मारी बाजी**

छिन्दवाड़ा। प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के क्रियान्वयन में बी.एल.सी. एवं ए.एच.पी.घटक के अंतर्गत जिलों एवं नगरीय निकायों की माह दिसंबर 2024 की रैंकिंग जारी की गई है। योजना के क्रियान्वयन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में छिंदवाड़ा जिले ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह नगर निगम छिंदवाड़ा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर निगमों में द्वितीय, नगर पालिका डोंगर परासिया ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली नगर पालिका में द्वितीय और नगर परिषद बड़कुही व न्यूटन चिखली ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर परिषदों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश श्री भारत यादव ने कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी.राय, सीएमओ नगर पालिका डोंगर परासिया सुश्री साक्षी बाजपेई और सीएमओ नगर परिषद बड़कुही व न्यूटन चिखली को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 का 17 सितम्बर 2024 को शुभारंभ किया जा चुका है। अतः प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के प्रथम चरण के अंतर्गत लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाना अत्यधिक आवश्यक है, जिसकी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है।

## नगर निगम की हड़ताल खत्म




**छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हुई, निगम ने उनकी मांगों मान ली और वेतन का भुगतान करेंगे।**

# पत्रकार देश व समाज का सजग प्रहरी: एस.आर.शेंडे

## पत्रकार की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून की आवश्यकता

**सौंसर।** मध्यप्रदेश सिविल राइट्स प्रोटेक्शन सेल के जनरल सेक्रेटरी, महामहिम राष्ट्रपति एवं विविध संस्थाओं से पुरस्कृत साहित्यकार एस.आर.शेंडे ने कहा कि, लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकार लोकतांत्रिक परंपराओं, मानवीय मूल्यों की रक्षा करने के साथ देश व समाज में शान्ति व भाईचारा करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।पत्रकार के पास आम लोगों की धारणाओं को प्रभावित करने का सामर्थ्य निहित है। वह सच को उजागर करने व जनता की आवाज को मुखर करने का दायित्व उठाता है। वह बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, बदइंतजामी पर करारी चोट करता है। चाहे कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति या संगठन क्यों न हो पत्रकार अपनी जान को जोखिम में डालकर सच को पाताल से खोजकर अवाम के सामने रखता है। वह खुद का समय विश्राम त्यागकर नवीनतम समाचार,वर्तमान घटनाओं का तथ्यपरक विश्लेषण सबके सामने रखता है। राजनीतिक के साथ धार्मिक,सांस्कृतिक,शैक्षणिक,सामाजिक,पर्यावरणीय,राष्ट्रीय पहलुओं से रूबरू कराता है। निर्भीक पत्रकार निष्पक्ष समाचार के माध्यम से सफेदपोशों,माफियाओं द्वारा पाप की नींव पर खडा किया अवैध साम्राज्य ध्वस्त करता है, फलस्वरूप वह अपनी जिंदगी तक से हाथ धो बैठता है। श्री शेंडे ने छत्तीसगढ़ के जांबाज पत्रकार मुकेश चंद्राकार की दबंगों द्वारा घृणित हत्या किए जाने एवं देश भर में आये दिन निर्भीक निष्पक्ष पत्रकार बंधुओं पर किये जा रहे जानलेवा हमले की कडी निंदा करते हुए राज्य शासन व भारत सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा हेतु प्रभावी कानून बनाने की मांग की है।

जिले में बढेगी स्वास्थ्य सुविधायें....

## सांसद ने तीन उपस्वास्थ्य केन्द्र का किया भूमिपूजन




छिंदवाड़ा। सांसद ने मोहखेड़ विकासखंड के अंतर्गत 1 करोड़ 95 लाख की लागत से बनने वाले तीन उपस्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन किया जिसमें महलपुर में 65 लाख, देवगढ़ में 65 लाख और बदनूर में 65 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य को लेकर नए आयाम स्थापित किए उन्होंने गरीबों के इलाज की चिंता की है और आयुष्मान भारत योजना लाकर 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई हैं। सांसद ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुरना क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा जिला है जिसमें आदिवासी भाई बहन रहते हैं, दूरस्थ गांव के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता है इसको लेकर मुख्यमंत्री जी से मिला,पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा 82 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले में स्वीकृत किए हैं, और लगातार स्वास्थ्य की सुविधा बढ़ाने का काम किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए मुख्यमंत्री जी ने 100 करोड रुपए दिए हैं और आगे भी राशि उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद ने कहा कि बहुत जल्द ही हॉस्पिटल बनकर तैयार हो जाएगा जिसमें सभी बीमारियों का इलाज होगा सांसद ने उपस्वास्थ्य केंद्र बनने से अब क्षेत्र के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य सुविधाएं यहीं उपलब्ध होगी।

### स्कूल की बाउंड्रीवॉल बनाने सांसद ने दिए एक लाख

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महलपुर सभा मंच पर टीन शेड लगाने एवं शाला परिसर में बाउंड्री वॉल बनाने के लिए प्राचार्य की मांग पर सांसद बंटी विवेक साहू ने एक लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।

## दमुआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार दमुआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविंद राय, जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, पर्यवेक्षक हरी वर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों से चर्चा के उपरांत दमुआ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीटू गांधी के साथ कार्यकारिणी में नवनियुक्तियां की गई है। जिसमें समन्वयक पद पर राजू सोलंकी व कार्यकारी अध्यक्ष पद पर बादर खान एवं अम्मीलाल बोसम मनोनीत किए गए हैं।

**उपाध्यक्ष-** देवेन्द्र कुमरे, नईम कुरैशी, जावेद अली, वासुदेव झरबड़े, सुनील पाल, राजू गांधी एवं दिलीप चौकीकर को दमुआ ब्लॉक कांग्रेस की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।महामंत्री- मन्नीलाल मर्सकोले, चरणलाल बोसम, रवि साहू, शक्ति साहू, धर्मेश श्रीवास्तव, सुनील वर्मा व कैलाश साहू को महामंत्री नियुक्त किया गया है। कार्यालय प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी लखन पाण्डे एवं मुन्तजीर को सौंपी है। गंगाधर बारस्कर, नवीन राय एवं इशांत सातनकर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।सचिव एवं कोषाध्यक्ष- कैलाश बिन्झाडे, मनोज डेहरिया, रमाकांत गवई, अशोक सोनिया, नन्दू साहू, कृष्णकांत चौरासे, उसमान कादरी व बलवीर सिंग उइके को सचिव नियुक्त किया गया है। मुकेश श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

**संगठन मंत्री-** राजेश कहार, हरि यादव, सोहेल खान, मनोहर चौहान, तुफैल खान एवं विनोद खातरकर को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रचार मंत्री- मोहन भोपा, विरेन्द्र मौर्य, शकील राईन, अकरम सिद्धीकी, शिवपाल यदुवंशी व दिनेश शीलू को दमुआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की घोषित कार्यकारिणी में प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है।घोषित कार्यकारिणी के नियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी सहित समस्त विधायकगण व वरिष्ठ कांग्रेसजन का आभार माना है। कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## साहित्यकार स्व. केशरीचन्द चन्देल की स्मृति में अक्षत सम्मान समारोह 15 को



**छिंदवाड़ा।** ज़िले के प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व. केशरी चन्द चंदेल की स्मृति में आयोजित अक्षत सम्मान समारोह इस वर्ष जिलेवासियों के लिए गौरवशाली पलों से परिपूर्ण होगा। अक्षत सम्मान समारोह समिति के प्रमुख राकेश राज ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 जनवरी दिन बुधवार को शाम 06.30 बजे से स्थानीय पेंशनर सदन प्रांगण में सोलहवां अक्षत सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य रूप से सम्मानित विभूतियों की उपस्थिति एवं गणमान्य अतिथियों के साथ-साथ परम पूज्य नीम करोली बाबा के प्रिय शिष्य प्रभु दयाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति समिति को प्राप्त होगी जो की संपूर्ण शहर के लिए गौरव का विषय है, इसके साथ ही महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश के पूर्व सेक्रेटरी मनोहर दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। आयोजित कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार अवधेश तिवारी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ साहित्यकार रत्नाकर रतन जी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न होगा। सम्मानित विभूतियों में इस वर्ष समिति द्वारा अक्षत स्मृति गौरव सम्मान प्रभु दयाल शर्मा को प्रदान किया जावेगा, शर्मा पूज्य नीम करौली बाबा के परम प्रिय शिष्य एवं विनय चालीसा के रचयिता हैं। विदित हो कि शर्मा द्वारा रचित नीम करौली चालीसा को श्रद्धेय अक्षत के सुपुत्र विश्वेश चन्देल द्वारा स्वर प्रदान किए गए हैं, जिसे देश की प्रसिद्ध संगीत कम्पनी टी सीरीज़ ने रिकॉर्ड किया है। अक्षत स्मृति संगीत रत्न सम्मान संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष वरिष्ठ संगीत गुरू डॉक्टर श्रीपाद आरोणकर को प्रदान किया जायेगा, जिनके मार्गदर्शन में संगीत से जुड़ी प्रतिभाएँ भविष्य निर्माण करने में प्रयासरत हैं। अक्षत स्मृति साहित्य रत्न सम्मान प्रभु दयाल श्रीवास्तव को प्रदान किया जायेगा, श्रीवास्तव अपनी बाल कविताओं के माध्यम से देश भर में प्रसिद्ध हैं एवं मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक के पाठ्यक्रमों में श्रीवास्तव की बाल कविताओं का समावेश है। अक्षत स्मृति कलमकार सम्मान शैलेंद्र राजपूत को प्रदान किया जायेगा जो कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी कुशल कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। अक्षत स्मृति युवा प्रतिभा सम्मान विक्रम टांडेकर को प्रदान किया जायेगा, टांडेकर इन दिनों मुंबई में अभिनय के क्षेत्र में छिंदवाड़ा ज़िले का प्रतिनिधित्व करते हुए ज़िले का नाम रौशन कर रहे हैं।

# भाषा की अभिव्यक्ति पैनी और धारदार होना चाहिए :डॉ लक्ष्मीचन्द

## हम सब का साथ हिन्दी का बढता हाथ तेरी, मेरी, उसकी नही ! हम सब की है हिन्दी



छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में राजभाषा विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ वॉय के शर्मा के संरक्षण व हिन्दी एवं प्रयोजनमूलक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ .लक्ष्मीचंद के मार्गदर्शन व विभागीय सदस्यों डॉ उर्मिला खरपुसे ,डॉ . सुशील ब्यौहार, डॉ. रचना लारिया, शैलकुमारी धुर्वे , कुमारी पायल विशेन के सहयोग व डॉं सीमा सूर्यवंशी के संचालन तथा छात्र- छात्राओ की उपस्थिति में अंतरराष्टीय हिन्दी दिवस % का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्बोधन में प्राचार्य डॉ वॉय के शर्मा ने कहा- अंतरराष्टीय स्तर पर हिन्दी का प्रभाव को बढ़ाने हेतु हिन्दी भाषा के स्वरूप को एक होना चाहिए । मुख्य अतिथि श्री अवधेश तिवारी ने कहा- शब्दों को तोलो, ओज को पहचानो ज्ञान को जानो सहजता के आलोक में व्यापकता को सहेजो समुन्दर के किनारे जाकर आपको रेत नहीं उसमें डूबकर मोती निकालना है। अपने स्वधर्म को पहचानो। युग तुमसे बरदान माँगता है। भाषा छूटी तो मातृभाषा का प्यार छूट जाएगा। जब भाषा खोती है तो अकेली भाषा नहीं बल्कि संवेदनाएँ भी खो जाती है। माँ और मातृभाषा का कोई तोड़ नही । मातृभाषा शेरनी का दूध हैं जितना पियोगे उतना दहाड़ोगे। डॉ. लक्ष्मी चन्द ने कहा - अभिव्यक्ति पैनी और धारदार होना चाहिए । हिन्दी भाषा के साथ क्षेत्रीय बोलियो को बढ़ावा दिया जाना चाहिए । हिंदी का प्रयोग आज व अभी से प्रारम्भ करे! बोलियो से लेकर मानकीकरण तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला ! डॉ उर्मिला खरपूसे ने कहा - हिन्दी भाषा को व्यक्तिगत स्तर पर सुधार कर वैश्विक स्तर पर ले जाएँ। डॉ. सुशील ब्यौहार ने- हम सब का साथ हिन्दी को विश्व पटल पर पहुँचा सकता है । गूगल द्वारा अंग्रेजी के अतिरिक्त अब हिन्दी के सथ ही क्षेत्रीय भाषाओं का भी योगदान दिया जा रहा है।खेद है हम अपनी निज भाषा को महत्व नही दे रहे है! डॉ.सीमा सूर्यवंशी ने- विश्व स्तर पर हिन्दी का बढ़ता प्रभाव व ॥ विश्व सम्मेलन पर अपने विचार निकष कण्ठस्थ लीला एप व साफ्टवेयर के साथ गिरमिटिया देशों में हिन्दी के प्रभाव पर प्रकाश डाला।



डॉ. रचना लारिया ने कहा - हमें निज भाषा को सम्मान देना होगा । तेरी मेरी उसकी नहीं हिन्दी विश्व की , जन जन की है। बहुराष्ट्रीय कम्पनीयाँ विकसित हिन्दी के कारण ही हमारे भारत में प्रवेश कर रही है! भाषण में - चंचलेश साहु, अमित कुमार, दिक्षा साहु कविता पाठ - चॉदनी वर्मा, रेशमी, शिवम उइके प्रश्नोत्तरी- विशाल शालिनी वन्देवार, सोनिया मरकाम, प्रतियोगिता में सहभागिता की, इनके अतिरिक्त महाविद्यालय के बरिष्ठ प्राध्यापक - डॉ जी वी ब्रम्हे, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, प्रो माहुल पवार, डॉ. अनिल झरबड़े, डॉ शालिनी पाटिल श्री महेन्द्र साहू, अन्य प्राध्यापक तथा समस्त छात्र -छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया !

मंदिर नवनिर्माण में गति शीलता

## श्री बड़ी माता गर्भगृह में माताओं का स्थानांतरण, स्वयंभू प्रकट मूर्ति श्री बड़ी माई यथास्थान रहेगी

छिंदवाड़ा। नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर छोटी बाज़ार के नवनिर्माण कार्यों में गति प्रदान करते हुए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष सोनी जी ने बताया माताओं के गर्भगृह स्थान को स्थानांतरण कर पूर्व में जो गर्भगृह था। उस स्थान में नवनिर्माण कार्य आगे बढ़ना है। इसी तारतम्य में एक विशेष बैठक गुरुवार के मध्य रात्रि के बढ़ती ठंड के बीच रखी गई। जिसमें मंदिर नवनिर्माण के कार्यों का अवलोकन किया गया। सभी माता भक्तजनों कि सर्वसहमति से सर्वप्रमुख स्वयंभू बड़ी माई कि मूर्ति को छोड़कर , श्री अष्टभुजा माता , श्री सिंह वाहिनी माता , श्री लक्ष्मी माता जी को स्थानांतरित कर एक छोटी बाल गर्भगृह बना कर रखा जाएगा। जिसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज शंकराचार्य जी के आदेश अनुसार शुभतिथि आने वाली गुप्तनवरात्रि में वेदाचार्य विद्वान् ब्राह्मणों से 5 दिवसीय भूल-चूक , विधि विधान पूजन के साथ प्राण कलश में रख कर माताओं की मूर्ति का स्थान परिवर्तन किया जाएगा। साथ ही मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अखिलेश भारद्वाज ने आय व्यय धन कोष की वास्तविकता से वर्तमान मंदिर फंड से अवगत करवाया। सचिव श्री राजू चरणागर जी ने अपील कि इस करोड़ों के मंदिर नवनिर्माण में मुख्य रूप से आर्थिक जनसहयोग की जनभावना अधिक से अधिक माता भक्तों की दिखाई जाए। जिससे हम जल्द ही मंदिर निर्माण का संकल्प पूर्ण कर पाएंगे। इस विशेष बैठक में मुख्य रूप पुजारी गण पंडित नंदकिशोर शास्त्री, राजाराम तिवारी, रामलाल तिवार , राजा तिवारी कि उपस्थिति में पूजन पाठ की विशेष चर्चा कि गई। साथ ही संरक्षक गण कस्तूर चंद जैन, राम राय, सतीश दुबे, अरविंद राजपूत, बबलू पांडे सहित भक्तगण उपस्थित रहे।



## पुण्य तिथि पर लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

भोपाल। जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर पुरानी विधानसभा के सामने स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर प्रवीण सक्सेना, भोपाल लोकसभा प्रत्याशी रहे अरुण श्रीवास्तव, विजय सरवैया, पूर्व पार्षद वहीद लश्करी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।




*प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मप्र युवा कांग्रेस की बैठक शुरू हो गई है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*

## टीकमगढ़ में आबकारी टीम पर हमला, एसआई की रिवॉल्वर छीनी



**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची आबकारी टीम पर हमला हो गया। हमलावर ने पत्थर फेंके फिर बेटों के साथ मिलकर डंडों से पीटा। आरोपी ने एसआई की सर्विस रिवॉल्वर भी छीन ली। हमले में एसआई समेत चार लोग घायल हो गए। टीम किसी तरह वहां से जान बचाकर भागी।

घटना शुक्रवार रात करीब 7.30 बजे की है। आबकारी टीम दिगौड़ा थाना क्षेत्र के वीरऊ गांव में अवैध शराब बेचने की सूचना पर छापा मारने गई थी। हमले में आबकारी उप निरीक्षक विजय चंदौल सहित टीम के चार सदस्य घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही दिगौड़ा थाने से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

**आरक्षक को सिविल ड्रेस में शराब लेने भेजा**

आबकारी उप निरीक्षक विजय सिंह चौहान ने बताया कि वीरऊ गांव में जिस घर में अवैध शराब बेचने की सूचना मिली थी। वहां आबकारी आरक्षक को सिविल ड्रेस में पहले अवैध शराब लेने भेजा। आरक्षक 1 क्वार्टर देशी शराब खरीदकर लाया और घर में शराब रखे होने की जानकारी दी। इस दौरान टीम गांव से थोड़ी दूर सड़क पर खड़ी रही। जब घर में अवैध शराब रखे होने की पुष्टि हो गई। इसके बाद टीम ने छापे की कार्रवाई की।

**महिला के पति-बेटे लाठी लेकर टूट पड़े**

घर में महिला शराब बेच रही थी। टीम ने करीब 20 क्वार्टर देशी अवैध शराब जब्त की। इसी दौरान उसका ससुर आ गया और उसने महिला की बजाय उसके पति के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। इसी दौरान महिला ने पास खड़े किसी व्यक्ति से अपने पति को फोन लगवा दिया। करीब 5 मिनट बाद उसका पति संतोष यादव आया और हमला कर दिया।

**एसआई की सर्विस रिवाल्वर छीनी**

विजय सिंह ने बताया कि आरोपी संतोष यादव के अलावा उसके दो बेटों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। उसकी पत्नी, पिता और 2 अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। उन्होंने पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। इसी बीच आरोपी संतोष ने मेरी सर्विस रिवाल्वर छीन ली। टीम जान बचाकर भागी और दिगौड़ा थाना पुलिस को सूचना दी। हमले में आबकारी आरक्षक प्रहलाद प्रजापति, वीरेंद्र विश्वकर्मा और महेंद्र राय को भी चोट लगी है।

जतारा के एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही हैं।

## भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची फाइनल, बीएल संतोष की हरी झंडी के बाद आज हो सकती है जारी



भोपाल। भाजपा संगठन चुनाव के दूसरे चरण में पार्टी हाईकमान ने प्रदेश के 62 जिलों के अध्यक्षों का नाम फाइनल कर लिया है। पार्टी नेताओं के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की हरी झंडी के बाद सूची जारी की जा सकती है।

पिछले एक सप्ताह से जिलाध्यक्षों के चुनाव को लेकर चल रही माथापच्ची के बाद जिन नामों पर सहमति बनी है, उनमें से कई रायशुमारी में आए पैनल से बाहर के हैं। सूत्रों के अनुसार, संगठन की गाइडलाइन को भी ठेंगा दिखाकर दिग्गज नेता अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनवा पाने में सफल रहे हैं।

**प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ**

माना जा रहा है कि अब प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के प्रवास के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को प्रदेश भाजपा के 62 जिलों के अध्यक्ष पर केंद्रीय नेतृत्व ने सहमति बना ली। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने प्रदेश के कई नेताओं के साथ कई दौर की बातचीत की लेकिन अंत में दिग्गजों की जिद ही सफल रही। सभी अंचलों में दिग्गज अपने-अपने समर्थकों को बिठाने में सफल रहे।

पार्टी ने हर जिले में जिलाध्यक्ष के चुनाव से पहले आम सहमति बनाने के लिए जो रायशुमारी कराई गई थी, उससे हटकर भी नामों को फाइनल किया गया है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं की नाराजगी की आशंका के चलते ही डैमेज कंट्रोल का प्लान पहले तैयार कर लिया है।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगी

भोपाल। भोपाल के अवलिया ईंटखेड़ी में शुक्रवार रात डेढ़ बजे एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान और गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कई एयर कंडिशनर, फ्रीज, पंखें, कूलर, वॉशिंग मशीन, वाटर हीटर समेत बिजली से जुड़े उपकरण जल गए। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

जानकारी के अनुसार, लक्की इंटरप्राइजेस में आग लगी। इससे करीब 50 फीट की दूरी पर ही आरोग्य निधि मल्टीस्पेशिलटी हॉस्पिटल भी है। यदि आग ज्यादा फैलती तो बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती थी। आग लगने की सूचना मिलते ही छोला फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## मप्रः 34 जिलों में होगी बारिश, 7 जिलों में आज ओले का अलर्ट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन तक कड़ाके की ठंड पर ब्रेक रहेगा। 11 और 12 जनवरी को ग्वालियर-जबलपुर समेत 34 जिलों में बारिश होने का अलर्ट है। वहीं, नर्मदापुरम, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, हरदा, बैतूल और बुरहानपुर में शनिवार को ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 13 जनवरी से तेज सर्दी का तीसरा दौर फिर से आएगा। इस महीने 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलेगी।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह ओले-बारिश का अलर्ट है। इस दौरान दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी, लेकिन सिस्टम के आगे जाने के बाद ठंड का असर बढ़ जाएगा। 13 जनवरी से फिर से पारा लुढ़क जाएगा।

**बर्फीली हवा के असर से ठंड**

बता दें कि पिछले कुछ दिन से बर्फीली हवा चलने से प्रदेश के शहरों में दिन-रात कड़ाके की ठंड पड़ी। पिछली 4 रात से पारा काफी नीचे लुढ़का है। यह दौर शनिवार से थम जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फ पिघलने से ठंड का असर बढ़ेगा। वहीं, हवा की रफ्तार भी बढ़ेगी। शुक्रवार को जेट स्ट्रीम हवा की रफ्तार 250 किमी प्रतिघंटा तक रही।

**ऐसा रहेगा मौसम**

11 जनवरी को नर्मदापुरम, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, हरदा, बैतूल और बुरहानपुर में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, विदिशा, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 12 जनवरी को जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल में बारिश हो सकती है। 13 जनवरी को इस दिन मौसम साफ रहेगा।

